**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 272 लखनऊ, बुधवार 27 मई 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर मोदी सरकार का बड़ा कदम



एजेंसी।

दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय परिवर्तन की जांच के लिए न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नौलेकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह पैनल घुसपैठ और अन्य अवैध कारणों से हो रहे परिवर्तनों का व्यापक मूल्यांकन कर राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संरचना और कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के सुनियोजित समाधान प्रस्तुत करेगा। यह कदम जनसांख्यिकीय परिवर्तन के मुद्दे की गंभीरता को दर्शाता है।सरकार ने मंगलवार को घुसपैठ और अन्य कारणों से देश में हो रहे अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय परिवर्तन की जांच के लिए एक पैनल का गठन किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ग पर इस कदम के बारे मेंजानकारी साझा की, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2025 को की थी। शाह ने ग पर पोस्ट किया कि अवैध जनसांख्यिकीय परिवर्तन के लिए घुसपैठ और अन्य कारण किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती पेश करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसी चुनौती से निपटने के लिए, 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 'जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति' की घोषणा की थी। मुझे आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि सरकार ने अब इस समिति का गठन कर दिया है। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नौलेकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली इस समिति में जनगणना आयुक्त के साथ श्री दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस), श्री बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस) और डॉ. शमिका रवि सदस्य होंगे। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (विदेशी—प) इस समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। देश के लिए जनसांख्यिकीय परिवर्तन को एक प्रमुख चिंता का विषय बताते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि समिति एक व्यापक मूल्यांकन करेगी और समाधान प्रस्तुत करेगी। उन्होंने आगे कहा कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा है जो न केवल हमारी संप्रभुता से जुड़ा है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गहन परिवर्तन और आदिवासी समाज के संरक्षण से भी संबंधित है। यह समिति अवैध आप्रवासन और अन्य अप्राकृतिक कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक मूल्यांकन करेगी, धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या स्थानांतरण के पैटर्न का विश्लेषण करेगी और इसके लिए एक योजनाबद्ध और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी।

## सीएम योगी का निर्देश यूपी में रिसर्च, मेडटेक और डिजिटल हेल्थ को मिलेगा बढ़ावा



संवाददाता।

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने आवास स्थित सभागार में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। डिजिटल पहल, मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट, क्लिनिकल ट्रायल यूनिट तथा मेडटेक कार्यक्रमों पर विशेष फोकस करने के लिए कहा।चिकित्सा अनुसंधान और मेडटेक क्षेत्र में लगभग 1500 करोड़ रुपये निवेश के लिए इंटेंट फाइल किए गए हैं। सीएम ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर घटाने, टीबी एवं संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए तत्परता से कदम उठाने के लिए कहा।बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 108 जनपदीय चिकित्सालय, 106 विशिष्ट चिकित्सालय, 976 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 3757 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 27,668 स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित हैं।वर्ष 2025—26 में सरकारी अस्पतालों में 26.41 करोड़ ओपीडी सेवाएं और 1.23 करोड़ आईपीडी सेवाएं दी गईं, जबकि 24.33 करोड़ पैथोलोजी जांचें की गईं। वर्ष 2016—17 की तुलना में सत्र 2025—26 तक प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 44 से बढ़कर 83 हो गई।दस वर्षों में पीजी सीटों की संख्या 1344 से बढ़कर 5067, जबकि एमबीबीएस सीटें 5390 से बढ़कर 12800 तक पहुंच गई हैं। प्रदेश में 652 नर्सिंग संस्थान संचालित हैं। 3.95 लाख पंजीकृत नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों को समय पर भुगतान मिलेगा तो मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निरूशुल्क उपचार किए जा चुके हैं।मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर यथोचित समायोजन दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में और कमी लाने के लिए संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 15.28 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई गई है। 15.14 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड लिंक किए गए हैं। सार्वजनिक—निजी सहभागिता माडल पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की प्रक्रिया भी बढ़ रही है।महाराजगंज, शामली और संभल में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जबकि कई अन्य जनपदों में प्रक्रिया जारी है। वर्तमान में 375 एएलएस एम्बुलेंस संचालित हैं और अब तक 9.38 लाख मरीजों को रेफर किया जा चुका है।मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस रिस्पांस टाइम को और कम करने के निर्देश दिए। 227 सीएचसी पर टेली—रेडियोलाजी सेवा संचालित है। बैठक में डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ की उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

## भोपाल का ट्विशा शर्मा हत्याकांड कोर्ट के आदेश पर सीबीआई की एंट्री, एक्शन में केंद्रीय जांच एजेंसी




एजेंसी।

दिल्ली। सीबीआई की एक टीम ने जांच के तहत ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह के आवास का दौरा किया। सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई को जांच अपने हाथ में लेने और मामले को शीघ्रता से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने कटारा हिल्स पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को पुनः पंजीकृत किया और भोपाल पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया। भोपाल पुलिस ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ट्विशा शर्मा हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि उनकी सीबीआई अधिकारियों से मुलाकात हुई।उन्होंने एएनआई को बताया, हमारी सीबीआई अधिकारियों से मुलाकात हुई... सीबीआई ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है और मामला उन्हें सौंपने की प्रक्रिया जारी है। सीबीआई की एक टीम ने जांच के तहत ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह के आवास का दौरा किया। सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई को जांच अपने हाथ में लेने और मामले को शीघ्रता से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। सीबीआई ने कटारा हिल्स पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को पुनः पंजीकृत किया और भोपाल पुलिस से मामला अपने हाथ में ले लिया। इस न्यायालय का निर्देश निचली अदालत, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित कई कानूनी चुनौतियों पर व्यापक सुनवाई के बाद आया है। पीड़िता परिवार, आरोपी और राज्य के कानूनी प्रतिनिधियों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद, सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच का आदेश देकर मुख्य मामले का निपटारा कर दिया। सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की अध्यक्षता वाली पीठ ने पाया कि यह धारणा बनाई जा रही थी कि न्यायपालिका निष्पक्ष जांच या मुकदमे की अनुमति नहीं देगी क्योंकि आरोपियों में से एक, समर्थ सिंह, वकालत से जुड़ा है और सास एक पूर्व न्यायिक अधिकारी हैं। न्यायालय ने कहा कि इस धारणा ने चिंता पैदा की है और स्वतः संज्ञान लेने की कार्यवाही शुरू करने के कारणों में से एक है। न्यायालय के निर्देशों के तहत, चल रही जांच की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए पीड़िता परिवार और आरोपी परिवार दोनों से मीडिया साक्षात्कार देने से परहेज करने का औपचारिक अनुरोध किया गया है।

## लखनऊ में भीषण सड़क हादसा श्रद्धालुओं की कार ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, एक की मौत, सात घायल




संवाददाता। लखनऊ। किसान पथ पर डलौना रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार की सुबह उड़ीसा निवासी श्रद्धालुओं की कार ईंट—लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में कार चालक अंदर ही फंस गया। पुलिस ने उसे किसी तरह बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां मृत घोषित कर दिया गया। चार महिलाओं और तीन युवकों समेत सात लोगों को चोटें आई हैं। इनमें दो की हालत नाजुक है। पीजीआइ थाने के इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि उड़ीसा के पुरी से श्रद्धालु अर्टिगा कार बुक कर मथुरा में दर्शन के लिए गए थे। मथुरा से सभी लोग सोमवार रात अयोध्या के लिए निकले। तड़के 4;20 बजे उनकी कार किसान पथ के डलौना रेलवे क्रासिंग पर आगे जा रही ईंट लदी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी श्रद्धालु कार में ही फंस गए। पास से गुजर रहे राहगीरों ने सूचना पीजीआइ थाने की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने अभियान चलाकर कटर से गाड़ी के दरवाजे काटे और अंदर फंसे चालक समेत अन्य घायलों को बाहर निकाला। हादसे में अर्टिगा चालक संदीप और अन्य लोग गंभीर रूप से चोटिल हो गए।

## दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय सीमा बढ़ाकर 2.5 लाख की



एजेंसी

दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय सीमा बढ़ाकर 2.5 लाख कर दी है, जिससे अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु अब राशन सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल मुद्रा के माध्यम से मिलेगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और नई प्रणाली के तहत 7.72 लाख सदस्यों के स्थान पर नए कार्ड जारी किए जाएंगे। दिल्ली मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राशन कार्ड धारकों की पहुंच बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया, जिसके तहत वार्षिक पारिवारिक आय सीमा को 1.30 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये कर दिया गया है। दिल्ली सरकार ने राशन कार्ड धारकों के लिए डिजिटल मुद्रा प्रणाली शुरू करने की भी घोषणा की। इस नई व्यवस्था के तहत, डिजिटल मुद्रा की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी, जिससे वे आवंटित धनराशि का उपयोग करके राशन खरीद सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राशन केवल डिजिटल मुद्रा प्रणाली के माध्यम से ही उपलब्ध होगा। यह कदम सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। यह निर्णय दिल्ली सरकार द्वारा सत्यापन अभियान के दौरान लगभग 7.72 लाख सदस्यों के नाम राशन कार्डों से हटाने के कुछ दिनों बाद आया है। अधिकारियों ने बताया कि अब उनके स्थान पर नए राशन कार्ड जारी किए जाएंगे।एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, सरकार ने संपत्तियों के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की सरलीकृत नीति को भी मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य जल अवसंरचना शुल्क को कम करना और निवासियों पर वित्तीय बोझ को कम करना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि जल अवसंरचना शुल्क अब केवल नई निर्माण परियोजनाओं या मौजूदा संपत्तियों पर किए गए अतिरिक्त निर्माण पर ही लागू होगा। उन्होंने कहा कि जल और सीवर अवसंरचना शुल्क अब भवन के कुल क्षेत्रफल के बजाय वास्तविक जल मांग के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि संशोधित नीति पारदर्शिता बढ़ाने, विकास को प्रोत्साहित करने और उन नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए बनाई गई है जिन्हें पहले भारी शुल्क चुकाना पड़ता था। सरकार ने विभिन्न श्रेणियों की कॉलोनियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए रियायतों की घोषणा भी की है। नई नीति के अनुसार, ई और एफ श्रेणी की कॉलोनियों में स्थित संपत्तियों को बुनियादी ढांचा शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जबकि जी और एच श्रेणी की कॉलोनियों में स्थित संपत्तियों को 70 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त होगी।

## प्राधिकरण की कार्यवाही होने के बाबजूद पुनः अनाधिकृत रूप से हो रहे निर्माण को किया ध्वस्त

### प्राधिकरण की कार्यवाही से नहीं भयभीत हैं विकासकर्ता

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

जनपद मे अनाधिकृत रूप से अवैध निर्माणो की बाढ लगातार आ रही हैं जिससे प्राधिकरण के राजस्व पर भी प्रभाव पड़ रहा हैं। उधर प्राधिकरण लगातार कार्यवाही के दौर मे भी लगा रहता हैं लेकिन अवैध निर्माण भी लगातार दुगनी चाल से निर्माणधीन हैं। सबसे बड़ी बात हैं की प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के शुभारंभ के दौरान लापरवाही बरती जाती हैं जब निर्माणधीन ईमारत तैयार हो जाती हैं तब प्राधिकरण अपनी कार्यवाही की पेशकश करता हैं। उपाध्यक्ष के निर्देशन मे सचिव के नेतृत्व मे कार्यवाही लगातार गतिमान रहती हैं जिसके क्रम मे विजय चौधरी द्वारा गंगा फार्म गंगा सिटी (गंगा वैली) काशीराम रोड़ टाउनशिप लक्ष्मीनगर तहसील महावन गोपालपुर के पीछे मथुरा पर लगभग 30000 वर्ग मी० भूमि पर भू—विभाजन कर सड़क नाली व ऑफिस का निर्माण बिना तलपट मानचित्र स्वीकृति किये जाने पर उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत वाद संख्या—MTDA/Z3/ANI/2025/0000636 योजित किया गया। जिसके उपरान्त नियमानुसार सम्यक विचारोपरान्त ध्वस्तीकरण आदेश के क्रम में 28.11.2025 को थाना पुलिस बल के साथ अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में नाली, सड़क, भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल आदि को ध्वस्त किया गया था।प्राधिकरण द्वारा पूर्व में की गई प्रभावी कार्यवाही के बावजूद विकासकर्ता द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए उक्त स्थल पर पुनः अनाधिकृत रूप से विकास कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था, जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज दिनांक 26.05.2026 को भूखण्डों की पिलन्थ, बाउण्ड्रीवाल, गेट, सड़क आदि को प्राधिकरण के सहायक अभियन्ता सुमित कुमार प्रथम, अवर अभियन्ता अनिल सिंघल, सुनील कुमार राजौरिया व प्रवर्तन दल के सहयोग से ध्वस्त किया।



## बिहार में आरजेडी को बड़ा झटका! मुखिया दीदी रितु जयसवाल ने थामा बीजेपी का दामन



एजेंसी।

बिहार। लोकप्रिय मुखिया दीदी ऋतु जायसवाल ने आरजेडी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया, जिससे बिहार की राजनीति में हलचल मच गई। 2025 विधानसभा चुनाव के टिकट को लेकर आरजेडी नेतृत्व से मतभेद के बाद, उन्होंने पीएम मोदी की समावेशी विकास और अंत्योदय की नीतियों की प्रशंसा की। उनका यह कदम बिहार में दल—बदल की राजनीति और आगामी चुनावों पर गहरा असर डाल सकता है। बिहार में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की पूर्व नेता ऋतु जायसवाल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होकर राज्य के राजनीतिक समीकरणों में बदलाव का संकेत दिया है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सराओगी ने उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल किया। जायसवाल पूर्व में आरजेडी महिला विंग की अध्यक्ष रह चुकी हैं और उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में आरजेडी के टिकट पर शिवहर से चुनाव लड़ा था। लोकप्रिय रूप से षमुखिया दीदीष के नाम से जानी जाने वाली ऋतु जायसवाल बिहार की राजनीति में पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक थीं। आरजेडी नेतृत्व, विशेषकर तेजस्वी यादव के साथ उनके संबंध पिछले कुछ महीनों में कथित तौर पर बिगड़ गए थे। इस मनमुटाव का मुख्य कारण 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में परिहार विधानसभा क्षेत्र से पार्टी टिकट न मिलना था। इस फैसले से नाराज होकर जायसवाल ने पार्टी के खिलाफ बगावत कर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। हालांकि, उन्हें जीत हासिल करने में सफलता नहीं मिली।

# पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता तीन गुना बढ़ा, अब मिलेंगे 12 हजार रुपये प्रतिमाह

लखनऊ,(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश सरकार ने पशु चिकित्सा शिक्षा एवं पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश के पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता 4 हजार रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।यह बढ़ा हुआ भत्ता प्रदेश के उ0प्र0 पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय तथा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अध्ययनरत पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्रों को दिया जाएगा। इस संबंध में पशुधन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं।पशु चिकित्सा विज्ञान के छात्र इंटर्नशिप के दौरान पशु चिकित्सालयों, पॉलीक्लीनिक, रोग निदान प्रयोगशालाओं, राज्य चिड़ियाघरों तथा अन्य बाहरी प्रशिक्षण स्थलों पर उपचार, टीकाकरण, रोग निगरानी और कृत्रिम गर्भाधान जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही वे रात्रिकालीन ड्यूटी और आपातकालीन परिस्थितियों में भी सेवाएं देते हैं।संक्रामक पशु रोगों के प्रसार के समय ये छात्र संक्रमित क्षेत्रों की पहचान कर संबंधित गांवों को अपनाते हुए शिविर लगाकर पशुओं का उपचार भी करते हैं। सरकार का मानना है कि इंटर्नशिप भत्ता बढ़ाए जाने से छात्रों का मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक उत्साह के साथ कार्य करेंगे।

# 15 जून तक पूरी हों बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई- स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ (आरएनएस )प्रदेश में आगामी मानसून और संभावित बाढ़ को देखते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय में बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्यों की व्यापक समीक्षा की। उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेशभर में संचालित बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं, तटबंधों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों में तैयारियों, राहत एवं बचाव व्यवस्था तथा विभागीय समन्वय की समीक्षा की गई। बैठक में विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं की प्रगति का लाइव कैमरों के माध्यम से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यस्थलों पर मौजूद अभियंताओं और अधिकारियों से सीधे संवाद कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और समयसीमा की जानकारी ली। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी सभी परियोजनाएं हर हाल में 15 जून तक पूरी कर ली जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता की सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित मानकों और उच्च गुणवत्ता के अनुरूप कराया जाए। उन्होंने बाढ़ से पहले नालों की सफाई अभियान को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने, तटबंधों पर बने रेट होल, शाही होल और वर्षाजनित कटाव को तत्काल भरवाने के निर्देश दिए, ताकि बाढ़ के दौरान आवागमन बाधित न हो और राहत कार्यों में तेजी लाई जा सके।उन्होंने अति संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त रिजर्व स्टॉक उपलब्ध रखने और बाढ़ अवधि के दौरान आवश्यक संसाधनों की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। साथ ही निर्देश दिए कि 31 मई तक प्रदेश के सभी नियंत्रण कक्ष स्थापित कर 15 जून से पूर्ण रूप से सक्रिय कर दिए जाएं।स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बाढ़ अवधि में प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र की सतत निगरानी बनाए रखे तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्टीयरिंग समूह के माध्यम से समन्वित कार्यवाही, जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों की स्थापना, तटबंधों के संवेदनशील स्थलों की पहचान और वहां सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# वाराणसी में भूटान सरकार बनाएगी बौद्ध मंदिर व गेस्ट हाउस, 2 एकड़ भूमि उपलब्ध कराएगी यूपी सरकार

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूटान की रायल गवर्नमेंट ऑफ भूटान को वाराणसी में बौद्ध मंदिर एवं गेस्ट हाउस निर्माण के लिए 2 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। यह भूमि वाराणसी के मौजा पिण्डरा अजईपुर कोलसला क्षेत्र में दी जाएगी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से लीज डीड की कार्यवाही की जा रही है तथा भूमि स्थानांतरण के लिए जल्द ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) का निष्पादन किया जाएगा।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से डीड पर हस्ताक्षर करने के लिए पर्यटन विभाग के विशेष सचिव मृदुल चौधरी को नामित किया गया है। लीज डीड पर रायल गवर्नमेंट ऑफ भूटान के प्रतिनिधि तथा पर्यटन विभाग की ओर से मृदुल चौधरी हस्ताक्षर करेंगे।मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्यवाही की जा रही है। भूटान सरकार की ओर से रायल गवर्नमेंट ऑफ भूटान दूतावास, प्रमुख बौद्ध मंदिर बोधगया तथा भूटान के केंद्रीय भिक्षु निकाय के प्रतिनिधियों को नामित किया गया है।उन्होंने कहा कि काशी में सारनाथ सहित कई विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं, जहां वर्षभर देश–विदेश से श्रद्धालुओं का आगमन होता है। बौद्ध मंदिर के निर्माण से देशी और विदेशी बौद्ध अनुयायियों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।पर्यटन मंत्री के अनुसार, बड़ी संख्या में बौद्ध पर्यटक संकिसा और कुशीनगर आते हैं। वाराणसी में प्रस्तावित बौद्ध मंदिर के जुड़ने से प्रदेश के बौद्ध पर्यटन सर्किट को और मजबूती मिलेगी।

# औद्योगिक विकास को गति देने के लिए डीआईसी अधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश में जिला स्तर पर औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इन्वेस्ट यूपी ने सोमवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) अधिकारियों, संयुक्त आयुक्त उद्योग, क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के नोडल अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने किया। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा शर्मा भी उपस्थित रहीं।प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए दीपक कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को "सर्वोत्तम प्रदेश" बनाने के विजन तथा विकसित भारत–2047 के राष्ट्रीय लक्ष्य में प्रदेश की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी शासन, मजबूत कानून व्यवस्था और निवेशकों को सक्रिय सहयोग आज उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिवर्तन के प्रमुख आधार बन चुके हैं।उन्होंने डीआईसी अधिकारियों की भूमिका को नीति निर्माण और जमीनी क्रियान्वयन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए उद्यमियों का मार्गदर्शन करने, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल को और मजबूत बनाने तथा वैश्विक कार्यप्रणालियों को अपनाकर समावेशी औद्योगिक विकास को गति देने का आह्वान किया।'लर्निंग जर्नी ऑफ डीआईसी' विषय पर आधारित यह कार्यशाला तीसरे और अंतिम बैच की शुरुआत है। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक लगभग 122 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर संस्थागत क्षमता को मजबूत करना, कारोबार सुगमता व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा प्रदेश के ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है।अगले पांच दिनों में प्रतिभागी अधिकारियों को व्यवहारिक नेतृत्व, वित्त एवं निवेश प्रशासन, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल रूपांतरण, संचार रणनीतियों और उभरते औद्योगिक रुझानों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना से यूपी के 3.12 करोड़ कृषक परिवार जुड़े, खातों में पहुंचे 99 हजार करोड़ रुपये से अधिक

लखनऊ(आरएनएस ) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना उत्तर प्रदेश में छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक संबल का बड़ा माध्यम बनकर उभरी है। केंद्र सरकार द्वारा शत–प्रतिशत वित्तपोषित इस योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से संचालित यह योजना किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि जरूरतों के लिए समय पर सहायता उपलब्ध करा रही है।प्रदेश सरकार के अनुसार, योजना की शुरुआत से लेकर 22वीं किस्त तक उत्तर प्रदेश में कुल 3.12 करोड़ कृषक परिवारों को इससे जोड़ा जा चुका है। लाभार्थियों के खातों में अब तक 99,032.58 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की जा चुकी है। केवल 22वीं किस्त में ही प्रदेश के 2.18 करोड़ से अधिक किसानों को 4,364 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध



कराई गई।वित्तीय वर्ष 2025–26 में अब तक प्रदेश के 2.34 करोड़ से अधिक पात्र किसानों के खातों में 13,721 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि भेजी जा चुकी है। लाभार्थियों में 1.91 करोड़ से अधिक पुरुष तथा 88 लाख से अधिक महिला कृषक परिवार शामिल हैं। महिला किसानों की बड़ी भागीदारी को ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।राष्ट्रीय स्तर पर देश के कुल 9.7 करोड़ लाभार्थियों में लगभग 24 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले उत्तर प्रदेश की है। इससे योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश की अग्रणी भूमिका सामने आई है।योजना के वर्षवार आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018–19 में 2,238.92 करोड़ रुपये के वितरण से शुरू हुई सहायता राशि वर्ष 2019–20 में 11,006.87 करोड़ रुपये, 2020–21 में 14,432.14 करोड़ रुपये, 2021–22 में 15,775.52 करोड़ रुपये और 2022–23 में 12,454.32 करोड़ रुपये तक पहुंची। वर्ष 2023–24 में 13,808.48 करोड़ रुपये तथा 2024–25 में 15,594.74 करोड़ रुपये वितरित किए गए। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में अब तक 13,721.59 करोड़ रुपये किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं।प्रदेश सरकार का कहना है कि बुआई के मौसम से पहले मिलने वाली यह सहायता राशि किसानों को साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर ऋण लेने से बचा रही है। कई जिलों में किसान इस राशि का उपयोग बीज, खाद, कृषि यंत्रों के किराये और सूक्ष्म सिंचाई जैसे कार्यों में कर रहे हैं, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भू–अभिलेख सत्यापन और ई–केवाईसी प्रक्रिया को अनिवार्य बनाया गया है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है और लाभ केवल वास्तविक किसानों तक पहुंच रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संचालित यह योजना किसानों को आर्थिक मजबूती देने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान कर रही है।

# कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभु जी चले आना

प्रयागराज। आज सोमवार को गंगा दशहरा के नौवें दिन भी कार्यक्रम की शुरूआत पुण्य सलिला मां गंगा जी के साथ गणेश भगवान की पूजा अर्चना एवं महाआरती के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने किया।आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर प्रयागराज श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी, विशिष्ट अतिथि पूर्व एम एल सी बासुदेव यादव तथा अति विशिष्ट अतिथि उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के पीसीओएम रहे। आज का भोग प्रसाद जय त्रिवेणी जय प्रयाग समिति के माध्यम से सम्पन्न हुआ।

गंगा पूजन, महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। सुविख्यात अंतर्राष्ट्रीय भजन गायिका एवं प्रयागराज की शान तृप्ति शाक्या ने जैसे ही अपनी चिर परिचित भजन कभी राम बनके, कभी श्याम बनके चले आना प्रभु जी चले आना शुरू किया पांडाल में लोग तालियां बजाकर झूमने लगे। उनकी भजन छलिया का रूप बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया ने भी लोगो की खूब वाहवाही लूटी।प्रख्यात भजन गायक जौनपुर के कवि सुराज सिंह और वाराणसी से आई अंशिका सोनी ने भी जय त्रिवेणी जय प्रयाग के मंच से लोगों का खूब मनोरंजन किया।कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय एवं मीडिया प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने आए हुए अतिथियों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, संरक्षक नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित वैश्य, महासचिव आशुतोष पालीवाल, प्रभारी श्रीमती अनुराधा त्रिपाठी, सर्वेश शंकर कपूरिहा, संदीप तिवारी नौजवान, असीम भारद्वाज, रोशनी अग्रवाल, पवित्र तिवारी, सत्यम तिवारी, विनय दुबे, अनुराग सिन्हा, धीरज केसरवानी, संजीव पांडेय, दीपमाला पांडेय, छाया पांडेय, रवि शर्मा, अनुराग सिन्हा,नीतू सिन्हा,हरी पांडेय, सागर पांडेय आनंद राज श्रीवास्तव तथा अन्य सदस्यगण एवं तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संस्था के मीडिया प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि कल 26 मई दिन मंगलवार बृहद भंडारा सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक, शाम 7 बजे से रात्रि माता की इच्छा तक चलता रहेगा।

# प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर बैटरी कार सुविधा की शुरुआत

प्रयागराज। यात्रियों की सुविधा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन पर बैटरी संचालित कार सेवा का शुभारंभ किया गया है। इस नई सुविधा के शुरू होने से अब यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने तथा स्टेशन परिसर से बाहर निकलने में काफी सहूलियत मिलेगी। विशेष रूप से बुजुर्ग, दिव्यांग, बीमार एवं छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को इस सेवा से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।मण्डल रेल प्रबन्धक प्रयागराज, जनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग हरिमोहन के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह यात्री हितैषी सुविधा प्रारंभ की गई है। प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर बढ़ती यात्री संख्या एवं यात्रियों की आवश्यकताओं को देखते हुए इस सेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

बैटरी कार सेवा का संचालन पर्यावरण अनुकूल एवं सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। इस सेवा का ठेका "बालाजी भगवत प्रोजेक्ट लिमिटेड, सुल्तानपुर" को आगामी 5 वर्षों के लिए प्रदान किया गया है। यात्रियों के लिए निर्धारित किराया प्रति यात्री प्रति ट्रिप ₹50 रखा गया है, जबकि पूरी बैटरी कार की बुकिंग ₹150 में उपलब्ध होगी। रेल प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# अग्रवाल युवा महिला मंडल ने किया "फनशाला फिएस्टा" समर कैंप का शुभारंभ

प्रयागराज। अग्रवाल युवा महिला मंडल, प्रयागराज द्वारा आयोजित 5 दिवसीय "फनशाला फिएस्टा समर कैंप" का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए मंडल की अध्यक्ष सरिका अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास, उनकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने तथा उनमें आत्मविश्वास का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजन समय की आवश्यकता हैं।वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीता अग्रवाल एवं सह मंत्री श्रुति अग्रवाल और संरक्षक रीनू मित्तल ने बच्चों को माँ विद्या के मंत्रों का अभ्यास कराकर सकारात्मक सोच एवं अच्छे संस्कारों की प्रेरणा दी।कैंप के दौरान प्रशिक्षक स्वाति अग्रवाल एवं आर्ची अग्रवाल ने बच्चों को अत्यंत सरल एवं रोचक तरीके से बड पेंटिंग एवं टेक्सचर पेंटिंग की बारीकियाँ सिखाईं। कार्यक्रम में मंडल की महामंत्री डॉ. कीर्ति अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल एवं आकांक्षा अग्रवाल, मंत्री येशा गोयल, साथ ही अनामिका अग्रवाल, समिधा अग्रवाल सहित समाज की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं।मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि यह समर कैंप बच्चों के लिए केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सीखने, संस्कारों एवं रचनात्मक विकास का एक उत्कृष्ट मंच है।

# शिवेंद्र व हिमांशु की नाबाद पारी से आशीष नेहरा ने जीता उद्घाटन मैच

## चौधरी अमरनाथ सिंह स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता

प्रयागराज। आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब ने चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित चौधरी अमरनाथ सिंह स्मारक अंडर –16 क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं।

सोमवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयाग क्रिकेट क्लब ने 35 ओवर में पांच विकेट पर 216 रन ( नैतिक शुक्ला 70, अनंत पाल 53, शादान अब्बास रिजवी 43, मो. अली 23 रन, उज्जवल मिश्र 2⁄26, पीयूष मिश्र 2⁄31, सलोक्या प्रताप सिंह 1⁄34 ) पर बनाए। जवाब में आशीष नेहरा क्रिकेट क्लब की टीम में 33.1 ओवर में चार विकेट पर 217 रन ( शिवेंद्र 80 नाबाद, हिमांशु मिश्र 61 अविजित, पीयूष मिश्र 39 रन, आयुष्मान 2⁄34, अंश सिंह 1⁄27, अनंत पाल 1⁄29 ) पर बना लिए। मैच में हितेश श्रीवास्तव व मो. आरिफ ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

मैच के पहले प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि चौधरी कौशलेन्द्र नाथ सिंह खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन किया, चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब के सचिव सत्यव्रत सहाय ने मुख्य अतिथि को बुके देकर उनका स्वागत किया, सोमेश्वर पांडेय संयुक्त संयोजक (प्रबंधन ) इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन समारोह का संचालन किया।

# नार्दन फुटबाल अकादमी की तीसरी जीत

प्रयागराज। रोटरी इलाहाबाद नार्थ कप अन्डर17 फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज विष्णु भगवान् पब्लिक स्कूल झलवा प्रयागराज के फुटबॉल मैदान पर नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने अल्टीमेट वारियर्स टीम को 4 –0 से हराकर दूसरी जीत के साथ पूर्ण अंक प्राप्त किये।

आयोजन सचिव इंद्रनील घोष के अनुसार आज के मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के अंश ने टीम के लिए प्रथम गोल मैच के 10वे मिनट पर किया। टीम के लिए दूसरा गोल वेदांत त्रिपाठी ने मैच के 22वे मिनट पर किया मध्यांतर तक नॉर्दन अकादमी 2–0 से आगे रही। खेल के दूसरे हाफ में निशांत मिश्रा के पास पर कुमार अंश ने गोल करके टीम को 3–0 से आगे कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में नॉर्दन के लिए श्लोक ने अनिकेत के क्रॉस पर 15 गज से बेहतरीन गोल दगा और टीम को 4–0 से जीत दिला दिया। विजेता नॉर्दन अकादमी की टीम में कुमार अंश, निशांत मिश्रा, वेदांत त्रिपाठी, सृजन सिंह, अनिकेत मौर्या, श्लोक सिंह, असीर, प्रखर त्रिपाठी, अर्जुन मिश्रा, हसनैन, श्रेयश, तेजस तिवारी शामिल रहे।

# ग्राम प्रधान संगठन ने सीएम योगी का जताया आभार

## ग्राम प्रधानों को फिर मिला अधिकार, राष्ट्रीय पंचायती राज

प्रयागराज। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने उत्तर प्रदेश के ग्राम प्रधानों के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला लेने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है। संगठन ने कहा कि वह मुख्यमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहेगा। संगठन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष संपूर्णानन्द ने बताया कि 2021 में एडीओ को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त कर दिया गया था। इसके बाद से पंचायतों के विकास कार्य ठप हो गए थे। उन्होंने कहा कि गांव की गलियोंऔर समस्याओं की असली जानकारी सिर्फ ग्राम प्रधान को ही होती है, प्रशासक को नहीं। प्रधान ही समझ सकता है कि किस गली में कौन सा काम जरूरी है। संपूर्णानन्द ने बताया कि पंचायती ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय के नेतृत्व में 22 अप्रैल को लखनऊ में विशाल बैठक बुलाई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बैठक को संज्ञान में लेकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

# दशाश्वमेघ घाट पर गंगा महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## गंगा आरती और भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

प्रयागराज। दशाश्वमेघ घाट पर आयोजित दस दिवसीय गंगा महोत्सव में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। गंगा महोत्सव समिति की ओर से प्रतिदिन सुबह–शाम गंगा पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया जा रहा है। सोमवार की शाम गंगा आरती के दौरान घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आरती के बाद भजन और कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। मंगलवार को गंगा दशहरा में पूजन–अर्चन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। गंगा महोत्सव पूजा समिति के संयोजक प्रमोद दुबे (डब्बू) ने बताया कि दशाश्वमेघ घाट पर प्रतिवर्ष दस दिवसीय गंगा दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी कार्यक्रम में प्रतिदिन शिवलिंग का निर्माण कर रुद्राभिषेक किया जा रहा है। सुबह–शाम मां गंगा की आरती एवं पूजन के साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

# वीर उत्कर्ष उज्जवल सुब्रोतो कप के लिए चयनित

प्रयागराज। नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तीन फुटबॉल खिलाड़ी वीर पाल, उत्कर्ष गुप्ता, उज्जवल चौरसिया का चयन सुब्रोतो कप ईस्ट जोन अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हो गया है। तीनो खिलाड़ी नियमित रूप से अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष से प्रशिक्षण प्राप्त करते है। प्रयागराज के तीनों खिलाड़ी डिफेन्स के पोजीशन में खेलते है और यू14 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम से खेल चुके है इसके अलावा यू15 हिमाचल राज्य लीग में खेल चुके है। यह प्रतियोगिता दिलदारनगर में 26 से 30 मई तक खेली जाएगी।

विज़डम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 27 मई 2026
sheelshukla100@gmail.com


# गंगा दशहरा पर पक्का घाट पर हुई मां गंगा की विशेष आरती, स्वच्छता और अविरलता का लिया संकल्प

मिर्जापुर। गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर नगर के ऐतिहासिक पक्का घाट पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पतित पावनी मां गंगा की विशेष पूजा–अर्चना और आरती का आयोजन राष्ट्रवादी मंच के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर मां गंगा का जयकारा लगाया और विधिवत पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य द्वारा विधि–विधान से मां गंगा का पूजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर मां गंगा की आरती उतारी और गंगा तट पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। गंगा घाट "हर–हर गंगे" और "जय मां गंगे" के उद्घोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मां गंगा की स्वच्छता, निर्मलता और अविरलता बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और जीवन का आधार हैं। सदियों से मां गंगा करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र रही हैं और उनकी पवित्रता को बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है।

राष्ट्रवादी मंच के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि बिना जनजागरण के अपनी संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि गंगा की स्वच्छता के नाम पर विभिन्न सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई गईं, लेकिन अधिकांश योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सकीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के कारण गंगा सफाई की योजनाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाईं।

उन्होंने कहा कि आज भी गंगा में गिरते गंदे नाले इस बात के प्रमाण हैं कि योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित रखा गया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "धूल चेहरे पर लगी थी और लोग आईना साफ करते रहे।" साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि गंगा की स्वच्छता के लिए केवल सरकार पर निर्भर रहने के बजाय समाज को भी आगे आना होगा।

कार्यक्रम में आनंद अग्रवाल, मनोज दमकल, राजेश सिंहा सहित कई गणमान्य लोग और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान घाट पर भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने मां गंगा से सुख–समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

# सम्मानित डेंटल सर्जन के साथ थाना तेजीबाजार में कथित उत्पीड़न, पुलिस की मनमानी के खिलाफ जिलाधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल ।

जय प्रकाश मिश्रा जिला संवाददाता जौनपुर

जनपद जौनपुर के थाना तेजीबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हैदरपुर निवासी डॉ. प्रभात विक्रम सिंह (बी.डी.एस., डेंटल सर्जन), जो शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जमींदार सिंह के पौत्र एवं क्षेत्र के एक सम्मानित, शिक्षित तथा शांतिप्रिय नागरिक हैं, के साथ थाना तेजीबाजार में हुई कथित अभद्रता एवं उत्पीड़न की घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 25 मई 2026 को डॉ. प्रभात विक्रम सिंह अपनी पैतृक भूमि पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को रोकने एवं न्याय की मांग को लेकर थाना तेजीबाजार में प्रार्थना पत्र देने पहुंचे थे। आरोप है कि शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय थाना प्रभारी सत्येंद्र भाई पटेल द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। कथित रूप से उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया, जूते एवं बेल्ट उतरवाए गए तथा उन्हें लगभग तीन घंटे तक लॉकअप में जमीन पर बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। इसके बाद धारा 151 के अंतर्गत चालान कर उन्हें जौनपुर भेज दिया गया।

यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े करती है। यदि कोई नागरिक अपनी समस्या लेकर थाने जाता है और उसे न्याय मिलने के बजाय अपमान, प्रताड़ना और दमन का सामना करना पड़ता है, तो यह कानून के राज और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। एक सम्मानित चिकित्सक के साथ इस प्रकार का व्यवहार न केवल व्यक्तिगत गरिमा का हनन है बल्कि पूरे समाज को भयभीत करने वाला संदेश भी देता है।

घटना के विरोध में डॉ. प्रभात विक्रम सिंह के समर्थन में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी जौनपुर से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा थाना प्रभारी सत्येंद्र भाई पटेल की भूमिका की जांच करते हुए उनके विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि एक स्वतंत्रता सेनानी के परिवार से आने वाले सम्मानित चिकित्सक के साथ इस प्रकार का व्यवहार हो सकता है, तो आम नागरिक की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। पुलिस का कार्य नागरिकों को सुरक्षा और न्याय देना है, न कि शिकायतकर्ता को ही प्रताड़ित करना।

जिलाधिकारी महोदय से मांग की गई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। यदि निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन पर भी विचार किया जाएगा।

इस मौके पर डॉ गौरव मौर्या प्रेजिडेंट प्व। डॉ रजनीश द्विवेदी डॉ संजीव पाण्डेय डॉ राहुल सिंह डॉ मोईन खान डॉ हर्ष डॉ दीपक विश्वकर्मा आदि दर्जनों डॉक्टर की उपस्थिति रही।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) द्वारा विधायक का भव्य स्वागत एवं हुआ सम्मान ।

जय प्रकाश मिश्रा जिला संवाददाता जौनपुर

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) के तत्वावधान में शुक्ला मैरेज हॉल में क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्रा का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. श्रीपति उपाध्याय पूर्व ब्लाक प्रमुख बक्सा ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सचिव पं. अवध नारायण तिवारी एवं जयेद्र कुमार शुक्ला वाराणसी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम में विधायक रमेश चंद्र मिश्र का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज की एकजुटता, शिक्षा, संस्कृति एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज की सहभागिता और संगठन की मजबूती पर बल दिया। वहीं जिले के जाने–माने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने अपनी वक्तव्य में ब्राह्मण एकजूटता पर बल देते हुए कार्यक्रम की खूब सराहना की वही उनके ओजस्वपूर्ण वक्तव्य को सुनकर लोगों ने खूब ताली बजाई इस मौके पर सुनील तिवारी जिला महामंत्री, रामसहाय पांडेय, पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी, रामदयाल द्विवेदी, रामजी तिवारी, अजय त्रिपाठी (संरक्षक), डॉ. ज्ञानप्रकाश मिश्र (प्राचार्य), कोल परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष पं. रविन्द्र मिश्रा, माला शुक्ला, प्रयास उपाध्याय, अनुज मिश्र कुसाव, विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष कृष्णानंद उपाध्याय, शिव सहाय मिश्रा, संतोष मिश्र, अरविंद मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष सत्यसिल त्रिपाठी, दीपक पांडे, पंकज मिश्रा, सुंदरम दुबे, संजीव पाठक, कुशल पांडे, स्वयं मिश्रा, अश्वनी शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की व्यवस्था की सभी अतिथियों ने सराहना की। आयोजकों ने बताया कि समारोह में अपेक्षा से अधिक लोगों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा हॉल खचाखच भरा रहा। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# छाता तहसील में रजिस्ट्री को लेकर दो पक्षों में मारपीट, महिला घायल

## नौगांव के दो पक्षों में जमीन के बैनामे पर हुआ विवाद, पुलिस ने संभाला मामला

(मथुरा)

छाता तहसील परिसर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय मंगलवार शाम करीब 4 बजे उस समय अखाड़े में तब्दील हो गया, जब जमीन के बैनामे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। ग्राम नौगांव के दोनों पक्षों के बीच हुई इस हिंसक झड़प का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नौगांव निवासी दोनों पक्ष किसी जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए छाता रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे थे। रजिस्ट्री के दौरान ही अपनी–अपनी हिस्सेदारी और हक को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ी कि गाली–गलौज के बाद दोनों पक्ष लात–घूंसे और लाठी–डंडों पर उतर आए। दफ्तर के अंदर और बाहर सरेराह हुई इस मारपीट से तहसील परिसर में अफरा–तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाकर इधर–उधर भागने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि लोग रिश्तों की मर्यादा भी भूल गए। किसी तरह बीच–बचाव कर मामले को शांत कराया गया। तहसील परिसर में हो रहे हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी और छाता पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। घायल महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच के बाद तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। तहसील परिसर जैसे सरकारी कार्यालय में सरेआम हुई इस मारपीट की घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि जमीन के विवादों को लेकर आए दिन तहसीलों में तनाव बढ़ रहा है। पुलिस का कहना है कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चालान किया गया है।

# कोतवाली पुलिस का नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार, 41 किलो गांजा और 2.2 लाख नकद सहित 4 गिरफ्तार

## चोरी की हैरियर और लग्जरी कार में कर रहे थे तस्करी, मुख्य आरोपी पुराना हिस्ट्रीशीटर

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

थाना कोतवाली पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को 41 किलो 763 ग्राम अवैध गांजा और 2 लाख 20 हजार रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक पुराना एनडीपीएस आरोपी भी शामिल है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल हो रही एक चोरी की टाटा हैरियर और एक मारुति सुजुकी विक्टोरियस भी बरामद की है।



मुखबिर की सटीक सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलबर बाजना रेलवे पुल के पास कच्ची सड़क पर घेराबंदी की। तड़के 2रू30 बजे संदिग्ध वाहनों को रोककर तलाशी ली गई तो कारों में छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विष्णु दत्त निवासी जुनसुटी थाना हाईवे मथुरा, अजीत, हिमांशु और नीरज निवासी जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार विष्णु दत्त एनडीपीएस एक्ट का पुराना आरोपी है और उस पर बल्देव थाने में 2018 से ही मामला दर्ज है। वहीं अजीत पर जौनपुर में मारपीट के मुकदमे भी दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 41 किलो 763 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। इसके अलावा 2,20,000 रुपये नकद, तस्करी में इस्तेमाल मारुति सुजुकी विक्टोरियस और चोरी की टाटा हैरियर भी जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 397ध2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8ध20ध29ध60 और बीएनएस की धारा 317(2)ध317(5)ध345(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा तस्करी गैर जमानती अपराध है, ऐसे में आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी है। इस कार्रवाई को उ0नि0 संजीव कुमार, उ0नि0 मुश्ताक मेहदी, है0का0 महेन्द्र प्रताप और टीम ने अंजाम दिया। एसएसपी मथुरा ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में नशा तस्करी और वाहन चोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद गांजा कहां से लाया गया था और इसे किन इलाकों में सप्लाई किया जाना था। साथ ही चोरी की हैरियर के मूल मालिक का भी पता लगाया जा रहा है।

# छाता पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचे दो अंतरराज्यीय बाइक चोर

**- चेतक अकेडमी के पास मुठभेड़ में साकिर-साबिर घायल**

**-कब्जे से 3 चोरी की स्प्लेंडर, 2 तमंचे, कारतूस बरामद**

(मथुरा)

थाना छाता पुलिस, रिवॉर्ड टीम व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में रविवार रात राजस्थान के डींग जिले के 2 अंतरराज्यीय वाहन चोर पुलिस मुठभेड़ में घायल पश्चात गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों के कब्जे से 3 चोरी की स्प्लेंडर बाइक, 2 अवैध तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर 25 मई रात 9रू07 बजे चेतक अकेडमी के पास जंगल में घेराबंदी की गई। पुलिस ने आत्मसमर्पण को कहा तो साकिर पुत्र रहमल व साबिर पुत्र इब्बर, दोनों निवासी रुंध थाना खोह डींग राजस्थान ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में साकिर के बाएं पैर व साबिर के दाएं पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।तलाशी में साकिर से 1 तमंचा .315 बोर, 1 जिंदा व 2 खोखा कारतूस व 1010 नकद मिले। साबिर से 1 तमंचा .315 बोर, 2 जिंदा व 1 खोखा कारतूस तथा 3 बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर बाइक बरामद हुईं। दोनों पर मथुरा के हाईवे, गोवर्धन, जैत, कोतवाली व छाता थानों में चोरी, लूट, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। साकिर पर 8 व साबिर पर 7 केस पंजीकृत हैं। प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद त्रिपाठी के नेतृत्व में उप निरीक्षक राहुल चौधरी, हरेन्द्र सिंह, कपिल नागर, अंशूमान बिश्नोई, रिवॉर्ड प्रभारी सावेज चौधरी व सर्विलांस प्रभारी विकास शर्मा समेत 14 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही। बरामदगी के आधार पर थाना छाता पर मु0अ0सं0 265ध2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3ध25ध27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर जांच जारी है। एसएसपी ने टीम की कार्रवाई को सराहनीय बताते हुए नकद इनाम की घोषणा की है।



# वृंदावन केशीघाट पर फिर टला बड़ा हादसा, नाविकों ने 6 श्रद्धालुओं की बचाई जान

(मथुरा)(ए.के.शर्मा )

धर्मनगरी वृंदावन केशीघाट पर मंगलवार को यमुना स्नान के दौरान बड़ा हादसा होते–होते टल गया। राजस्थान के जोधपुर से आए 2 श्रद्धालु गहरे पानी में डूबने लगे, जिन्हें घाट पर मौजूद नाविकों ने समय रहते बचा लिया ।जानकारी के अनुसार जोधपुर निवासी केशव और जगदीश स्नान करते समय बैरिकेडिंग पार कर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। चीख–पुकार सुनकर नाविक बलबीर निषाद समेत अन्य नाविक तुरंत यमुना में कूद पड़े और दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद घाट पर अफरा–तफरी मच गई। नाविक बलबीर ने बताया कि इससे पहले भी नाविकों ने नाव के सहारे यमुना में डूब रहे 4 अन्य श्रद्धालुओं को बचाया था। इस तरह नाविकों की सतर्कता से अब तक 6 लोगों की जान बचाई जा चुकी है। घटना के बाद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने नाविकों की बहादुरी की जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि नगर निगम ने सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग तो लगाई है, लेकिन निगरानी न होने से श्रद्धालु सीमा पार कर जाते हैं। घाटों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और नियमित निगरानी बढ़ाने की मांग तेज हो गई है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। **वृंदावन केशीघाट पर डूबने से बचे 2 श्रद्धालु। जोधपुर केशव-जगदीश गहरे पानी में गए, नाविकों ने बचाया। नाविकों ने अब तक 6 लोगों की जान बचाई। घाटों पर सुरक्षा बढ़ाने की मांग।**

# 'विंध्य स्वर संध्या' कार्यक्रम को लेकर प्रो.नम्रता मिश्रा ने किया प्रेस वार्ता,पत्रकारों को मुक्ताकाशीय मंच की दी जानकारी

मीरजापुर ।नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी के कार्यकाल के तीन साल पूरा होने के उपलक्ष्य में नगर के फतहा घाट पर होने वाले षविंध्य स्वर संध्याष कार्यक्रम को लेकर पद्मभूषण स्व. प. छन्नूलाल मिश्र की सुपुत्री एवं के. बी कॉलेज में प्रोफेसर नम्रता मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी ।पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने बताया कि पंडित छन्नुलाल मिश्र काशी संगीत न्यास एवं नगर पालिका परिषद मीरजापुर के संयुक्त तत्त्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें वाराणसी,कोलकाता सहित अन्य शहरों से शास्त्रीय




कलाकारों का आगमन होगा। सुबह ए बनारस की तर्ज पर इस कार्यक्रम को कराया जा रहा है,पंडित मिश्र जी कि स्मृति में एक मुक्तकाशीय मंच का उदघाटन भी किया जायेगा ।जिसमें प्रत्येक शनिवार और रविवार को शाम सात बजे से कार्यक्रम किया जायेगा ।यह कार्यक्रम आध्यात्मिक,सांस्कृतिक और संगीत परंपरा को जीवित रखता है तथा लोगों को प्रकृति,गंगा और भारतीय संस्कृति से भी जोड़ता है ।मीरजापुर शहर,वाराणसी और प्रयागराज के बीच में पड़ता है,इस मंच से नगर के योग्य कलाकारो को भी मौका मिल सकेगा और वे अपनी प्रतिभा को दिखा सकेंगे ।गर्मी और धूप को देखते हुए फतहा घाट पर अभी अस्थायी मंच बनाया जा रहा है,मौसम सही होने पर मुक्ताकाशी मंच खुले में बनाया जाएगा,जहा लोग घाटों की सीढ़ियों पर बैठकर इस कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल का आगमन होगा,इसके साथ ही राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा,आयुष राज्यमंत्री,दयाशंकर मिश्र दयालु,राज्यमंत्री एवं पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली,विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह,विधायक रत्नाकर मिश्र,रमाशंकर सिंह पटेल,सुचिस्मिता मौर्या,रिंकी कोल,जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कन्नौजिया,पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव एवं ऋत्विक सान्याल का भी कार्यक्रम में आगमन होगा ।नगर के लोग अपने परिवारजनों के साथ इस कार्यक्रम में आए और इस सांगीतिक संध्या का आनंद ले ।इस मौके पर सभासद अलंकार जायसवाल, नीरज गुप्ता,शरद सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का किया औचक निरीक्षण

मीरजापुर 26 मई 2026– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के नवागत सचिव श्री आनन्द कुमार–11 ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर मीरजापुर का औचक निरीक्षण किए। दौरान निरीक्षण सचिव ने सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो के बैरको, भोजनालय, भण्डारण, निरीक्षण किए।



जनपद मीरजापुर, सोनभद्र एवं भदोही के सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरो से व्यक्तिगत मुलाकात किए। प्रवासित किशोरों से मुकदमों में पैरवी से सम्बन्ति विवरणों एवं अधिवक्ता होने अथवा न होने तथा दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सन्तोषजनक नहीं पाया गया। अधीक्षक सम्प्रेक्षणगृह को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का पत्राचार करें और सम्प्रेक्षणगृह में प्रवासित किशोरो को उपरोक्त दवा इलाज, पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, डान्स, बागवानी का प्रशिक्षण प्रतिदिन कराया जाना सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से अविलम्ब अवगत कराये।

उन्होने किशोर सम्प्रेक्षगृह के पाकशाला का अवलोकन किए जिसमें प्रवासित 43 किशोरो के लिए दाल, बाटी, चोखा, सलाद, पापड़ तैयार किया गया था जिसकी गुणवत्ता परखने के लिए चखे और अधीक्षक को निर्देशित किए कि सम्प्रेक्षण गृह में प्रवासित किशोरों को सुबह का नास्ता और मेनू दिन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदत्त किया जाए इसमें कोतहाई न हो और भण्डारण में मेनू के अनुसार सामग्री प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थें।

सचिव ने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया कि पाकशाला व समस्त बैरकों एवं शौचालयों का नियमित रूप से साफ–सफाई कराया जाये।

निरीक्षण में डाटा आपरेटर श्री रंजीत कुमार, सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक, पी०एल०वी० इरफान अंसारी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अयोध्या 31 को सुबह बनाएगी सामूहिक स्वच्छता का कीर्तिमान

अयोध्या। मंगलवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नियावां से रिकाबगंज हनुमानगढ़ी तक पदयात्रा निकालकर लोगों का आह्वान किया कि आगामी 31 मई को सुबह 7 बजे घर से निकलें और महज आधा घंटा सफाई कर सामूहिक स्वच्छता का कीर्तिमान स्थापित करें। इस दौरान जगह–जगह स्टिकर लगाकर आमजन स्वच्छता के महाअभियान एक रविवार, हर परिवार, करे गंदगी पर वारश् में सहभागिता का संदेश दिया गया। पदयात्रा के दौरान महापौर ने लोगों के घरों पर दस्तक दी और कहा कि स्वच्छता समय की मांग है। सफाई के मामले में नगर को देश के टॉप टेन महानगरों में लाने में जन–जन की भागीदारी आवश्यक है। पदयात्रा में शामिल अपर नगर आयुक्त भारत ने लोगों से कहा कि 31 मई को अपने घरों के आसपास महज आधा घंटा सफाई करने से नगर को साफ–सुथरा बनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। महापौर ने रिकाबगंज हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन कर नगर में खुशहाली की कामना की।

# जनजातीय धर्मभक्ति की ज्वाला से बढ़ा दिल्ली का तापमान

प्रसिद्ध जनजातीय नेता, विचारक एंड राजनीति के धुरंधर गनेश राम भगत ने तो पूरे समागम को एक प्रकार से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्त में भगवान राम का रक्त है, हम भगवान राम के वंशज हैं। भगवान राम के लिए हमने रावण का हनन किया था और उस को परास्त किया था।लाल किले के प्राचीर से भारत वर्ष के कोने कोने से आये लाखों जनजातीय समाज के लोगों ने अपने धर्म, संस्कृति की रक्षा, हेतु जो हुंकार भरी उसकी अनुगूंज वर्षों वर्षों तक कायम रहेगी। सर्वाधिक मंत्रमुग्ध करने वाला प्रभावशाली विचारोत्तेजक सम्बोधन था भारत के गृहमंत्री अमित शाह का जिन्होंने निर्भीक स्पष्टता से भारतीय जनजातीय समाज की धर्मरक्षा, संस्कृतिरक्षा की बात की। वह अभूतपूर्व और असाधारण बात थी और उन्होंने लाखों जनजातीय बंधुओं–बहनों को एक प्रकार से रोमांचित कर दिया। उनके यह शब्द वर्षों तक याद किए जाएंगे कि भगवान बिरसा मुंडा को तो मैंने नहीं देखा लेकिन आज जो यहाँ जनजातीय समाज का सागर उमड़ पड़ा है मैं उन में बिरसा मुंडा के दर्शन कर रहा हूँ और यह जनजातीय सांस्कृतिक समागम बिरसा मुंडा के उलगुलान (परिवर्तन हेतु जन क्रांति) के बाद का पहला समागम है। भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी भी कोई धर्मरक्षा संस्कृतिरक्षा का समागम नहीं हुआ। इन शब्दों ने जो साहस दिया, जनजातियों का जो मनोबल बढ़ाया उसकी कोई तुलना नहीं है। यह समागम एक प्रकार से जनजातीय वहाँ महा कुंभ था जिसमें सात सौ से अधिक जनजातियों के लोग आए जो जैसलमेर से लेकर लद्दाख, तवांग अरुणाचल प्रदेश,




सिक्किम, असम, त्रिपुरा से लेकर अंडमान निकोबार, बंगाल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल झारखंड से, छत्तीसगढ़– सब जगह से। ऐसा देश ने कभी देखा नहीं और दिल्ली के सद्भावी नागरिकों ने अपने घर के दरवाजे खोल दिए और हर घर में इन जनजातीय भाई–बहनों को रुकवाया गया। उनकी सेवा की, उनको भोजन, पानी दिया उनको स्टेशन से लाए और छोड़ने गए। ऐसा दिल्ली ने कभी दृश्य देखा नहीं। दिल्ली का हृदय कितना बड़ा है वह इस समागम के आतिथ्य से पता चला। दिल्ली के राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं ने इस जनजातीय बंधू बहनों का इतना सुंदर सत्कार किया कि उसको व्यक्त करना संभव नहीं है।जो भी जनजातीय समाज छोड़कर ईसाई बनता है, कन्वर्टेड होता है उसको जनजातीय समाज की सूची यानी शेड्यूल ट्राइब सूची से बहार निकल कर मूल जनजातियों को बचाइए क्योंकि धर्मान्तरण करने वाला जनजातीय रह ही नहीं जाता है। जनजाति समाज के वरिष्ठ इंजीनीयर, पद्मश्री से अलंकृत अरुणाचल के प्रसिद्ध वैचारिक अग्रणी तिची गुबिन ने कहा कि वहाँ अरुणाचल क्रिस्चियन फोरम है। उसके नेताओं ने खुले आम सोशल मीडिया पर धमकी दी है कि वे पूरे अरुणाचल को ईसाई लैंड बनाएंगे, क्रिस्चियन लैंड बनाएंगे। गुबिन ने मांग की है कि हमारे धर्म की रक्षा की जाए और जो भी हमारे समाज को छोड़कर ईसाई होता है उसको शिड्यूल ट्राइब की लिस्ट से डीलिस्ट किया जाए। प्रसिद्ध जनजातीय नेता, विचारक एंड राजनीति के धुरंधर गनेश राम भगत ने तो पूरे समागम को एक प्रकार से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्त में भगवान राम का रक्त है, हम भगवान राम के वंशज हैं। भगवान राम के लिए हमने रावण का हनन किया था और उस को परास्त किया था। हम इस कनवर्जन के राक्षस से भी लड़ सकते हैं और इस राक्षस को हम समाप्त करेंगे। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से जनजाति सुरक्षा मंच के तत्वावधान में इस समागम का आयोजन हुआ। यह संगठन विश्व का सबसे बड़ा गैर ईसाई जनजातीय संगठन है। देश भर में वनवासी कल्याण आश्रम के सत्रह हजार से अधिक प्रकल्प चलते हैं, जिनमें छात्रावास, आरोग्य केंद्र, विद्यालय, धर्मजागरण मंच, खेलकूद केंद्र, शामिल हैं। इसके कार्यकर्ताओं में आईआईटी के स्नातक, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, जे एनयू, दिल्ली विश्विद्यालय के प्राध्यापक, महिला अधिकार रक्षा संगठनों के प्रमुख, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, अनेक मंत्री, सांसद आदि सब सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इसके अध्यक्ष राजस्थान के भील जनजाति से सतेंद्र सिंह हैं, जिनका धाराप्रवाह सम्बोधन मुर्दों में भी जान फूंक देता है। इसी प्रकार संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों में अतुल जोग, भगवान सहाय, प्रमोद पेठकर, हर्ष चौहान, तेचि गुबिन जैसे अत्यंत श्रेष्ठ विद्वान हैं परन्तु वे कभी भी सामने आते नहीं, शांत निर्विकार भाव से अचीन्हे अनजान रहकर जनजाति रक्षा और विकास के कार्य में लगे रहते हैं। उन्ही की और इंगित करते होते अमित शाह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनजाति समाज का हमारे प्रति इतना विश्वास है कि हाल ही के बंगाल चुनावों में प्रदेश की सोलह में से सोलह जनजातीय सीटें भाजपा ने जीतीं हैं।लाल किले के जनजातीय समागम में मणिपुर, अरुणाचल, नागालैंड और असम की बहनों ने इतना सुंदर वंदे भारतम गाया की सब चकित रह गए। इस समागम की गूंज आने वाले वर्षों तक केवल गूंजती हे नहीं रहेगी बल्कि इसका असर होगा और भारत सरकार को बाध्य होना पड़ेगा कि वह धर्मान्तरित होने वाले तमाम जनजातीय लोगों को डी लिस्ट करे शिड्यूल ट्राइब से बाहर निकाले। इस समागम ने जनजातीय समाज को शक्ति दी है, भक्ति दी है, युक्ति दी है, तत्त्वचिंतन दिया है और पराक्रम का एक भाव जागृत किया है कि हम जनजातीय हैं,

# सम्पादकीय

## विजय के उदय की पृष्ठभूमि

टीवीके के संस्थापक विजय खुद को पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं।

तमिलनाडु में 59 साल बाद ऐसा हुआ है, जब वहां द्रविड़ मुनेत्र कड़गम या अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के अलावा कोई पार्टी कोई सत्ता की दावेदार बनी है। 1967 में पहली बार डीएमके सत्ता में आई। 1972 में एमजी रामचंद्रन ने इससे अलग होकर एडीएमके का गठन किया। 1967 से 2021 तक डीएमके ने सात बार और एडीएमके ने पांच बार सरकार बनाई। मगर 2026 में ये सिलसिला टूटने जा रहा है। चंद्रशेखर जोसेफ विजय पहले ही दांव में अपनी पार्टी टीवीके– तमिल वेट्री कड़गम (तमिल विजय संघ)– को सबसे बड़ा दल बनवाने में सफल रहे हैं।

फिल्म अभिनेता के रूप में सफल करियर के बाद राजनीति में आए 51 वर्षीय विजय ने 2024 में टीवीके का गठन किया। वे खुद को ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार की विरासत से जोड़ते हैं और भारतीय संविधान को अपनी आस्था का दस्तावेज मानते हैं। इस रूप कहा जा सकता है कि तमिलनाडु ने सिर्फ चेहरा बदला है, राजनीतिक विचारधारा नहीं। जयललिता की मृत्यु के बाद एडीएमके के पास वैसे भी कोई लोकलुभावन चेहरा नहीं बचा है। इसके बावजूद इस चुनाव में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया है, तो यह संभवतरू राज्य में मौजूद एंटी इन्कबेंसी (डीएमके सरकार से असंतोष) का परिणाम है। लंबे समय से परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों के दाग डीएमके की छवि पर रहे हैं।

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुजरे पांच साल में अपनी राजनीति को हिंदुत्व और हिंदी विरोध पर केंद्रित रखा। मगर जन आंकाक्षाओं के मोर्चे पर वे खरे नहीं उतरे। इससे विजय के उदय की पृष्ठभूमि बनी। बड़ी संख्या में मतदाताओं ने नए चेहरे पर दांव लगाने का मन बनाया। वैसे नीति या कार्यक्रम के मामले में विजय ने भी कुछ नया पेश नहीं किया है। उनका चुनाव घोषणापत्र भी प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण, दुल्हनों को आठ ग्राम सोना जड़ित सिल्क साड़ी देने, 200 यूनिट फ्री बिजली, किसानों की पांच लाख रुपये तक की कर्ज माफी और तमिलनाडु को 2023 तक 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने जैसे बड़बोले वादों से भरा–पड़ा है। यानी तमिलनाडु में नए चेहरे की सदारत में भी लोकलुभावन– यानी वोट खरीदी– की पुरानी सियासत जारी रहेगी।

## मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार और नितिन नवीन की कार्यकारणी

लुटियंस पर पकड़ रखने वाले सूत्र ने बताया है कि मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार इसी हफ्ते दस दिन में हो सकता है, सूत्रों की माने तो कम से कम आठ मंत्री हटाए जा सकते हैं जिसमें सबसे बड़े नाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पेट्रोलियम मंत्री हरदेव पूरी शामिल है।जिन चेहरों को जगह मिल सकती है उनमें कर्नाटक से सूर्या, हिमाचल से अनुराग ठाकुर, पंजाब से राघव चड्ढा और क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह शामिल हैं। यह विस्तार उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल, कर्नाटक, गोवा, विधानसभा चुनाव को लेकर किया जाएगा।उत्तर प्रदेश से जगदंबिका पॉल, बिहार से वकील साहब रविशंकर प्रसाद और राजीव प्रताप रूडी, शामिल है। उत्तर प्रदेश से कानपुर के संसद रमेश अवस्थी , देवरिया से संसद प्रेम मणि त्रिपाठी को शामिल किया जा सकता है वही एल मुरुगन, भूपति राजू को मंत्रिमंडल से हटाकर संगठन में भेजा जा सकता है। नितिन नवीन की कार्यकारणी में 08 महासचिव,08 उपाध्यक्ष, एक एक राज्यों से होगें, सांसद, विधायक को संगठन के पद नहीं मिल सकेंगे।

मोदी मंत्रिमंडल का 2024 के बाद पहला विस्तार है ।एनडीए के सहयोगियों को भी जगह मिल सकती है बिहार से संजय कुमार झा, मंत्री परिषद में आ सकते हैं।नितिन नवीन की कार्यकारणी भी इसी 10 में जाएगी क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह यानी महासचिव दत्तात्रेय होसबोल जी से भी संगठन मंत्रियों को लेकर चर्चा हुई है। नितिन नवीन की कार्यकारणी में पचास वर्ष तक के लोगों को प्रतिनिधित्व मिलेगा क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 46 वर्ष के है । समझा जाता है कि राष्ट्रीय महासचिव संगठन बी एल संतोष अवकाश ग्रहण करेंगे उनके स्थान पर पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव में महती भूमिका निभा चुके महासचिव सुनील बंसल अब संगठन महा सचिव होंगे,क्षेत्रीय प्रचारक शिवप्रकाश,अजय जंबाल संघ में बापिस जायेंगे ।सबसे उलझा हुआ काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आए वरिष्ठ प्रचारकों को समावेश करना है ।यह कार्य दत्तात्रेय होसबोल को करना है।

# यह कैसा समाज है, जिसमें अदालतें समझाएं रिश्तों का धर्म

आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चमकती सड़कों, आर्थिक प्रगति या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों, माता–पिता और निर्बल वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है। लेकिन आज का सबसे पीड़ादायक प्रश्न यही है कि जिस भारत ने "मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः" का उद्घोष किया, जिस धरती से "वसुधैव कुटुम्बकम" का विचार पूरी दुनिया में पहुँचा, उसी भूमि पर आज माता–पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहाँ वृद्ध माता–पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण–पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा। कहीं बेटे को अदालत यह निर्देश दे रही है कि वह अपनी वृद्ध मां को घर में एक कमरा, अलग स्नानघर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो कहीं दुर्व्यवहार करने वाली संतान को माता–पिता की संपत्ति से बेदखल करने के आदेश दिए जा रहे हैं। यह केवल कानूनी घटनाएँ नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और नैतिक पतन की वे चेतावनियाँ हैं जो भविष्य के भारत की तस्वीर पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। वास्तव में यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि जिस मां ने नौ महीने गर्भ में रखकर संतान को जीवन दिया, जिसने अपना रक्त, ममता और त्याग देकर उसे पाला, उसी मां को अपने ही घर में रहने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़े। जिस पिता ने अपने पसीने और परिश्रम से घर बनाया, बच्चों का भविष्य संवारा, वृद्धावस्था में उसी घर में उसके अधिकार के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कृतघ्नता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं के क्षरण का प्रमाण है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, स्मार्ट शहर, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं। लेकिन यदि घर के किसी कोने में बैठे वृद्ध माता–पिता अकेलेपन, उपेक्षा और अपमान का जीवन जी रहे हों, तो क्या यह विकास पूर्ण माना जा सकता है? यदि हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी–छोटी आवश्यकताओं के लिए भी दूसरों पर निर्भर और उपेक्षित हो जाएँ, तो हमारी सारी उपलब्धियाँ खोखली प्रतीत होती हैं।आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। परिणामतः बुजुर्गों का जीवन अकेलेपन, अवसाद और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। यह सच है कि महानगरीय जीवन की अपनी कठिनाइयाँ हैं। रोजगार, समयाभाव, आर्थिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने नई पीढ़ी की चुनौतियाँ बढ़ाई हैं। लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद माता–पिता के प्रति दायित्व समाप्त नहीं हो सकते। भारतीय संस्कृति में माता–पिता की सेवा केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन–मूल्य रही है। श्रवण कुमार का आदर्श केवल कथा नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का हिस्सा है।दुर्भाग्य यह है कि आज संपत्ति और स्वार्थ ने अनेक संबंधों को प्रभावित किया है। अखबारों में आए दिन ऐसे समाचार दिखाई देते हैं जिनमें संपत्ति के लिए माता–पिता को प्रताड़ित किया जाता है, घर से निकाला जाता है, मानसिक यातना दी जाती है या उनकी उपेक्षा की जाती है। अनेक वृद्धाश्रम ऐसे माता–पिता से भरे पड़े हैं जिनकी सबसे बड़ी "गलती" केवल यह थी कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के लिए समर्पित कर दी। यदि यह प्रवृत्ति यूँ ही बढ़ती रही तो भारत भी उस दिशा में बढ़ सकता है जहाँ पश्चिमी देशों की तरह माता–पिता और संतान के संबंध केवल कानूनी और औपचारिक होकर रह जाएँ। पश्चिमी समाज में अनेक माता–पिता प्रारंभ से ही बच्चों को आत्मनिर्भर बना देते हैं क्योंकि वे भविष्य में उनसे देखभाल की अपेक्षा नहीं रखते। लेकिन भारतीय समाज का आधार इससे भिन्न रहा है। यहाँ परिवार केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्था रहा है।यह भी स्मरणीय है कि देश में वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 जैसे कानून बनाए गए हैं ताकि वृद्ध माता–पिता के अधिकारों की रक्षा हो सके। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर माता–पिता के संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित रखा है और दुर्व्यवहार करने वाली संतानों के विरुद्ध कठोर टिप्पणियाँ भी की हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 दुनिया को सचेत उपभोग की ओर प्रेरित करना

प्रताव राव जाधव

आज जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मना रही है, मानवता एक निर्णायक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ी है। वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं। इनमें से कई संकटों के मूल में एक ही चुनौती नजर आती है– वस्तुओं का अनियंत्रित और बिना सोचे–समझे किया जाने वाला उपभोग ।प्राकृतिक संसाधनों के जरुरत से ज्यादा दोहन से लेकर डिजिटल उपयोगिता पर अत्यधिक निर्भरता और अस्थिर जीवनशैली तक, आज आधुनिक समाज संतुलन से लगातार दूर होता जा रहा है। और इसी संदर्भ में, योग न केवल एक प्राचीन स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में, बल्कि एक जिम्मेदार जीवन जीने के लिए एक कालातीत रूपरेखा के रूप में उभर कर सामने आता है। योग मानवता को आत्म–नियमन, संयम और सचेत विकल्पों की ओर एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान करता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर और अपने आस–पास की दुनिया के साथ सामंजस्य कैसे स्थापित करें ।सोच समझकर वस्तुओं का उपभोग करने का आह्वानअत्यधिक उपभोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए, हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने श्मिशन लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट के जरिए एक सशक्त दिशा प्रदान की है। सीओपी26 में, प्रधानमंत्री ने एक ऐसे सिद्धांत को सामने रखा, जो योग के दर्शन से गहराई के साथ जुड़ा हैरू ष्आज जरूरत है सचेत और सोच–समझकर उपयोग करने की, न कि बिना सोचे–समझे और विनाशकारी तरीके से उपभोग करने की ।हाल ही में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओंऔर आपूर्ति–श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक जिम्मेदारी का रूप दिया। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान–बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर–जरूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय जिम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है। जैसा कि उन्होंने हमें याद दिलायारू ष्हर छोटा–बड़ा प्रयास मायने रखता है, ठीक वैसे ही जैसे हर एक बूंद से घड़ा भरता है। ये विचार योग के बुनियादी सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं। योग दर्शन श्अपरिग्रहश – यानी अनावश्यक चीजों को जमा करने से बचना और श्संतोषश यानी अपनी असली जरूरतों से संतुष्ट रहना, की बात करता है। ये सिद्धांत मिलकर एक ऐसी सोच पैदा करते हैं, जो लोगों को अंधाधुंध उपभोग से दूर सचेत जीवन की ओर प्रेरित करती है। योग हमेंनिष्क्रिय उपभोक्ता से बदलकर इस धरती का जिम्मेदार रखवाला बनाता है ।पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक साधन के रूप में योगपृथ्वी पर इंसानी जरूरतों को पूरा करने के लिए तो काफी संसाधन हैं, लेकिन इंसान की असीमित लालच को पूरा करने के लिए नहीं। योग प्रकृति के साथ हमारे आपसी जुड़ाव की भावना को गहरा करके इस जागरूकता को फिर से जगाने में मदद करता है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन हम करते हैं और जिस स्थिरता की हम तलाश करते हैं, ये सभी एक साझा पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं ।योग का अभ्यास धीरे–धीरे हमारे व्यवहार को भीतर से बदल देता है। यह मन की बेचौनी को शांत करता है, जल्दबाजी वाली आदतों को कम करता है और आत्म–अनुशासन को मजबूत बनाता है। आज की दुनिया, जो पल भर के सुख और अत्यधिक उपभोगवाद से संचालित होती है, उसमें योग वह आंतरिक स्पष्टता पैदा करता है, जिसकी जरूरत हमें अपनी असली जरूरतों और कभी न खत्म होने वाली इच्छाओं के बीच फर्क समझने के लिए होती है ।स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा आयुष, दोनों मंत्रालयों से जुड़े मंत्री के तौर पर, मैं हर दिन यह देखता हूँ कि योग किस तरह गैर–संक्रामक रोगों (एनसीडी) के खिलाफ एक निवारक सार्वजनिक स्वास्थ्य साधन के रूप में काम करता है। शारीरिक गतिविधि, मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देकर, योग अस्वस्थ आदतोंऔर अत्यधिक चिकित्सीय हस्तक्षेपों पर हमारी निर्भरता को कम करता है। एक योगिक जीवन शैली स्वाभाविक रूप से सादगी, संयम, संतुलित पोषण, कम बर्बादी और संसाधनों के सचेत उपयोग को बढ़ावा देती है, ठीक वही व्यवहारिक बदलाव, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए जरुरी है। इस प्रकार, योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक मार्ग है, बल्कि यह व्यवस्था में जिम्मेदारीपूर्ण जीवन के लिए एक व्यावहारिक ढाँचा भी है ।भारत का वैश्विक योग नेतृत्वआज, जब योग दुनिया के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली योगदानों में से एक बन गया है। यह स्वास्थ्य, सद्भाव और सामूहिक कल्याण की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति भी बन चुका है। जो योग एक प्राचीन सभ्यतागत प्रथा के रूप में शुरू हुआ था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जो भूगोल, राजनीति, भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे है ।हर साल, कई महाद्वीपों में लाखों लोग योग समारोहों में भाग लेते हैं। वे केवल आसन ही नहीं करते, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक संतुलित और टिकाऊ जीवन की साझा आकांक्षा को भी अपनाते हैं। योग निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक कल्याण और सचेत जीवन शैली की एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में उभरा है ।योग के जरिए, भारत ने दुनिया को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक ऐसा गैर–बाध्यकारी और समावेशी ढाँचा प्रदान किया है, जो आधुनिक चिंताओं का समाधान शाश्वत ज्ञान के साथ करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यही महत्व है। चूँकि योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को छूता है, इसलिए यह बड़े पैमाने पर व्यवहारिक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक बेजोड़ मंच भी प्रदान करता है। योग की सामूहिक भावना के जरिए, स्थिरता, संयम और सचेत जीवन–शैली के संदेश अधिक दूर तक पहुँच सकते हैं और लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए एक सामूहिक संकल्पसच्चा कल्याण अकेले अस्तित्व में नहीं हो सकता। मानव स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और संपूर्ण ग्रह का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और पर्यावरण के क्षरण की चुनौतियों के लिए न केवल नीतिगत हस्तक्षेप, बल्कि व्यवहार में परिवर्तन भी जरुरी है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आइए हम अपनी प्रतिबद्धता को योग मैट से आगे बढ़ाएं। आइए हम योग को केवल दैनिक अभ्यास के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाएं। एक ऐसी जीवन शैली जो सचेत उपभोग, आंतरिक अनुशासन और पारिस्थितिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करती है ।आइए हम प्रधानमंत्री के सचेत जीवन जीने के आह्वान पर काम करें और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें, जहां तरक्की और विकास को केवल हमारे उपभोग से नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी से जीने के तरीके से मापा जाए।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आपका दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी दोस्त से बात–बात में ही आपको महत्वपूर्ण काम मिल सकता है जिससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

वृष राशि–
आज के दिन आपके लिए इनोवटिव होने वाला है। आज आपकी कार्यप्रणाली में नवाचार देखने को मिलेगा। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा।

मिथुन राशि–
आज आपके जीवन में नयी–नयी खुशियां आयेंगी और आपका दिन शुभ कार्यों में बीतेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता वाला रहेगा। आज आपको अपने पेरेंट्स का सही मूड समझकर उनसे अपनी जरूरी बातें अवश्य शेयर करें।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए मिला–जुला अनुभव लेकर आएगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं।

कन्या राशि–
आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब के लिए बुलावा आ सकता है।

तुला राशि–
आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिये काफी दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है।

वृश्चिक राशि–
आज का आपके लिए सामान्य रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढ़ने का नया रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

धनु राशि–
आज आपका दिन शानदार रहेगा। पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है

मकर राशि–
आज आपका दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित होगा। यदि आज आप बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं,

कुंभ राशि–
आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे।

मीन राशि–
आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है,

# मानव सेवा को समर्पित दंपति को पद्म मिलने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी शुभकामनाएं

रायपुर,(आरएनएस)। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बस्तर के दूरस्थ और नक्सल प्रभावित आदिवासी अंचलों में चार दशकों से अधिक समय तक निरूस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं मती सुनीता गोडबोले को पद्म 2026 सम्मान से अलंकृत होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि यह सम्मान केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि मानव सेवा, समर्पण और करुणा की उस भावना का सम्मान है, जिसने हजारों आदिवासी परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण जगाई है। उन्होंने कहा कि डॉ. रामचंद्र गोडबोले और मती सुनीता गोडबोले ने बस्तर जैसे दुर्गम और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया, जहां वर्षों तक मूलभूत चिकित्सा सेवाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। आदिवासी समुदायों के स्वास्थ्य सुधार, कुपोषण से लड़ाई और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए इस दंपति ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि गोडबोले दंपति की सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके योगदान आने वाली पीढ़ियों को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नवा रायपुर बन रहा हाई-टेक उद्योगों का नया केंद्र

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक विकास की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नवा रायपुर में दूसरे विशेष आर्थिक क्षेत्र को मंजूरी मिल गई है। पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को नवा रायपुर में 10.13 हेक्टेयर क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंजीनियरिंग आधारित एसईजेड स्थापित करने की स्वीकृति मिली है, जहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्माण किया जाएगा।

यह परियोजना इसलिए खास है क्योंकि इसके जरिए छत्तीसगढ़ में पहला सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित होगा। इसके साथ ही राज्य तकनीक आधारित और उच्च मूल्य वाले उद्योगों की नई दुनिया में कदम रखेगा। इससे न केवल औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ तकनीक आधारित निवेश और आधुनिक विनिर्माण का नया केंद्र बनकर उभरेगा।नवा रायपुर में बनने वाला यह विशेष आर्थिक क्षेत्र राज्य के निर्यात को बढ़ावा देने, नए निवेश आकर्षित करने और छत्तीसगढ़ को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही कौशल विकास, नवाचार और तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।अनुमान है कि इस परियोजना से अगले पांच वर्षों में 1300 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही राज्य में कुशल युवाओं के लिए हाई–टेक उद्योगों में काम करने के नए रास्ते खुलेंगे और तकनीकी कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ में निवेश और उद्योगों के लिए बन रहे सकारात्मक माहौल का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेहतर आधारभूत सुविधाएं, पारदर्शी व्यवस्था और निवेश अनुकूल नीतियों के जरिए भविष्य के उद्योगों के लिए मजबूत वातावरण तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, सेमीकंडक्टर तकनीक भविष्य की जरूरत है। नवा रायपुर में राज्य का पहला सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित होना केवल उद्योग की शुरुआत नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के तकनीकी भविष्य की मजबूत नींव है। इससे युवाओं को बेहतर रोजगार मिलेगा, तकनीकी कौशल बढ़ेगा और राज्य नई औद्योगिक पहचान के साथ आगे बढ़ेगा।

छत्तीसगढ़ की औद्योगिक क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है। भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की लीड 2025 रैंकिंग में छत्तीसगढ़ को स्थलरुद्ध राज्यों की श्रेणी में हाई परफॉर्मर माना गया है। यह राज्य की बेहतर लॉजिस्टिक्स व्यवस्था, औद्योगिक संपर्क और निर्यात क्षमता को दर्शाता है।

# राजस्व प्रकरणों का तय समय-सीमा में हो निराकरण राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा

### राजस्व मंत्री के औचक निरीक्षण से रायपुर तहसील कार्यालय में हड़कंप डायवर्सन में देरी पर फटकार

रायपुर, (आरएनएस)। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने आज रायपुर तहसील कार्यालय और नवीन संभाग आयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के इस अचानक दौरे से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान राजस्व मामलों के निपटारे में कछुआ गति और लापरवाही सामने आने पर मंत्री ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने आम जनता से जुड़े नामांतरण, त्रुटि सुधार, सीमांकन और बंटवारे जैसे संवेदनशील प्रकरणों में हो रहे विलंब को लेकर अधिकारियों को आड़े हाथों लिया और इन्हें शीघ्र निपटाने के कड़े निर्देश दिए। विशेष रूप से डायवर्सन (व्यपवर्तन) के मामलों में बेहद धीमी प्रगति पाए जाने पर मंत्री ने अनुविभागीय अधिकारी (स्ष्ठरू) रायपुर को जमकर फटकार लगाई।कार्यालयों में साफ–सफाई और फाइलों के रखरखाव दुरुस्त करने के निर्देशनिरीक्षण के दौरान राजस्व मंत्री ने कार्यालय परिसर की साफ–सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने परिसर में फैली गंदगी और फाइलों के अव्यवस्थित रखरखाव पर अप्रसन्नता व्यक्त की। मंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आम जनता की सुविधा के लिए कार्यालय में स्वच्छ वातावरण और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, साथ ही सभी शासकीय दस्तावेजों व फाइलों को पूरी तरह व्यवस्थित रखा जाए।विभिन्न शाखाओं और कोर्ट का सघन निरीक्षणतहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझने के लिए राजस्व मंत्री स्वयं भुइयां शाखा, कानूनगो शाखा, डब्ल्यूबीएन शाखा और मालजमादार शाखा पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालयों का भी सघन निरीक्षण किया। अदालती कार्यवाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने साफ कहा कि राजस्व कोर्ट में सुनवाई निरंतर होनी चाहिए ताकि तारीख–पे–तारीख के चक्कर में आम जनता को परेशान न होना पड़े। लोग सुबह से आकर शाम तक बैठे रहते हैं और सुनवाई किए बिना अगली तारीख दे दी जाती है, यह रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।लंबित मामलों को शून्य करने का लक्ष्यनिरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंकड़ों का ब्यौरा देते हुए बताया कि तहसील में अब तक दर्ज कुल 65,390 मामलों में से 64,702 का निराकरण किया जा चुका है और वर्तमान में केवल 688 मामले लंबित हैं। इस पर मंत्री ने बचे हुए सभी लंबित मामलों को भी समय–सीमा के भीतर तत्काल शून्य करने का टारगेट दिया।जनता से सीधा संवाद और त्वरित निराकरणमंत्री ने न केवल फाइलों को खंगाला, बल्कि परिसर में मौजूद आम जनता के बीच पहुंचकर उनसे सीधा संवाद भी किया। उन्होंने लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं और मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।संभाग आयुक्त को राजस्व कार्यों का रोडमैप तैयार करने के निर्देश तहसील कार्यालय के बाद मंत्री ने नवीन संभाग आयुक्त कार्यालय का रुख किया। वहां उन्होंने लंबित राजस्व मामलों को समय–सीमा के भीतर निपटाने के लिए संभाग आयुक्त को निर्देशित किया।

# कैबिनेट बैठक आज, खाद संकट से लेकर कई मुद्दों पर होगी चर्चा

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य केबिनेट की बैठक मंगलवार शाम 6 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में होगी। बैठक में मौजूदा मुद्दों पर चर्चा किए जाने के आसार हैं। आगामी खरीफ फसल में किसानों के खाद संकट और पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति किसानों को कैसे सुचारु रूप से हो इस पर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। इसके अलावा कुछ एजेंडों पर मुहर लगाकर प्रदेश की जनता को राहत प्रदान की जाएगी।

खाद संकट पर बड़ा फैसला संभव

प्रदेश में खरीफ सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में किसानों के लिए खाद की उपलब्धता बड़ा मुद्दा बनी हुई है। कई जिलों से डीएपी और यूरिया की कमी की शिकायतें सामने आई हैं। कैबिनेट में खाद वितरण की नई व्यवस्था और अतिरिक्त आवंटन पर चर्चा हो सकती है। सहकारी समितियों के जरिए सप्लाई मजबूत करने का प्रस्ताव भी आ सकता है। सरकार नहीं चाहती कि बोआई के समय किसानों को परेशानी हो।

ट्रांसफर नीति खोलने पर चर्चा

सरकारी कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक हटाने को लेकर भी बैठक में निर्णय संभव माना जा रहा है। लंबे समय से विभागीय ट्रांसफर बंद हैं। मंत्री और विधायक लगातार तबादले खोलने की मांग कर रहे हैं। माना जा रहा है कि सीमित अवधि के लिए ट्रांसफर नीति लागू की जा सकती है। इसके लिए नई गाइडलाइन भी जारी हो सकती है। संवेदनशील विभागों में बड़े स्तर पर फेरबदल की संभावना जताई जा रही है।

कैपिटल रीजन का दायरा बढ़ सकता है

राज्य सरकार राजधानी क्षेत्र के विस्तार को लेकर भी बड़ा फैसला ले सकती है। स्टेट कैपिटल रीजन के दायरे में नए जिलों और नगरीय क्षेत्रों को शामिल करने का प्रस्ताव चर्चा में है। पहले दुर्ग–भिलाई और नवा रायपुर तक सीमित योजना को अब और विस्तार देने की तैयारी बताई जा रही है।

# नैनो डीएपी के उपयोग से किसानों को कम लागत में मिलेगा बेहतर उत्पादन कृषि मंत्री नेताम

रायपुर, (आरएनएस)। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आयातित उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार कर रही है। वर्तमान में राज्य में 9.29 लाख मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के रासायनिक खाद का स्टॉक गोदामों और सोसायटियों में उपलब्ध है। जबकि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को इस खरीफ सीजन के लिए 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आबंटित हुआ है। राज्य सरकार किसानों के धान बुआई एवं उत्पादन प्रभावित न हो इस उद्देश्य से तरल नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का स्टॉक भी समानांतर रूप से भण्डारित करने की रणनीति पर भी कार्य कर रही है।

वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को नैनो डीएपी उर्वरक के उपयोग हेतु जागरूक किया जा रहा है। कृषि क्रांति की ओर एक कदम अभियान के अंतर्गत नैनो डीएपी को फॉस्फोरस एवं नाइट्रोजन युक्त उन्नत तरल उर्वरक के रूप में किसानों के बीच प्रचारित किया जा रहा है, जिससे कम लागत में अधिक एवं संतुलित उत्पादन प्राप्त किया जा सके। कृषि विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनो डीएपी के उपयोग से किसानों को संतुलित पोषण, बेहतर परिणाम एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही ठोस डीएपी पर निर्भरता में कमी आएगी तथा उर्वरक उपयोग की दक्षता में वृद्धि होगी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार एक एकड़ क्षेत्र में परंपरागत डीएपी के उपयोग की तुलना में नैनो डीएपी के उपयोग से लागत में कमी संभव है। जहां 50 किलोग्राम डीएपी पर लगभग 1350 रुपये की लागत आती है, वहीं 25 किलोग्राम डीएपी एवं 500 मिली नैनो डीएपी के संयुक्त उपयोग से लगभग 1275 रुपये की लागत आती है।

कृषि विभाग ने नैनो डीएपी के उपयोग की वैज्ञानिक विधि भी किसानों को बताई है। प्रथम चरण में आधार खाद के रूप में 25 किलोग्राम डीएपी अथवा 75 किलोग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट अथवा 38 किलोग्राम 12–32–16 मिश्रित उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी गई है। दूसरे चरण में बीज उपचार हेतु 150 मिली नैनो डीएपी को 3 लीटर पानी में मिलाकर बीज उपचार करने तथा पौध उपचार हेतु 250 मिली नैनो डीएपी को 50 लीटर पानी में घोलकर पौधों की जड़ों को उपचारित करने की जानकारी दी गई है। तीसरे चरण में फसल रोपाई के लगभग 30 दिन बाद 250 मिली नैनो डीएपी को 125 लीटर पानी में मिलाकर खड़ी फसल में छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

मंत्री नेताम ने बताया कि पश्चिमी एशियाई संकट के चलते रासायनिक उर्वरकों की संभावित कमी को देखते हुए विभाग द्वारा किसानों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत एनपीके 12रू32रू16, 20रू20रू0रू13, हरी खाद, जैविक खाद और नैनो उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है।

कृषि मंत्री नेताम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से आगामी खरीफ सीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार द्वारा 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आबंटित हुआ है। जिसमें यूरिया 7.25 लाख, डीएपी 3 लाख, एमओपी 80 हजार, एनपीके 2.5 लाख तथा एसएसपी 2 लाख मीट्रिक टन शामिल हैं। वर्तमान में प्रदेश के गोदामों एवं समितियों में लगभग 9.29 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी किसानों को पारदर्शिता के साथ पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का आबंटन सुनिश्चित हो।

कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बताया कि उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल और निगरानी समितियों के गठन के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर उर्वरकों में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (प्राइस सपोर्ट स्कीम) के तहत दलहन और तिलहन फसलों के उपार्जन को भी प्राथमिकता में रखा गया है। हर जिले में सुगंधित धान की प्रजाति के उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही दलहन–तिलहन फसलों तथा उद्यानिकी क्षेत्र में ऑयल पाम, मखाना और मसाला फसलों के विस्तार के निर्देश दिए गए हैं।

# हसदेव प्लांट की दो यूनिट ठप. बिजली संकट गहराया

### गांव-शहर में लो-वोल्टेज का संकट

रायपुर, (आरएनएस)। प्रदेश में नौतपा की शुरुआत के साथ ही भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण घरों, दफ्तरों और उद्योगों में एसी, कूलर और पंखों का उपयोग चरम पर है। इसके चलते छत्तीसगढ़ में पीक ऑवर्स के दौरान बिजली की मांग 6000 मेगावाट तक पहुंच गई है। इस भारी मांग के बीच छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के सबसे बड़े संयंत्र हसदेव थर्मल पावर स्टेशन की दो इकाइयों के बंद होने से बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर भारी दबाव आ गया है। कोरबा स्थित हसदेव थर्मल पावर स्टेशन की कुल क्षमता 1340 मेगावाट है।

बिजली का उत्पादन पूरी तरह ठप

यहां 210–210 मेगावाट की चार और 500 मेगावाट की एक विस्तार इकाई स्थापित है। अप्रैल महीने में झाबू राखड़ बांध के क्षतिग्रस्त होने के बाद से सुरक्षा और मरम्मत के मद्देनजर 210–210 मेगावाट की दो इकाइयों को बंद रखा गया है। इसके कारण वर्तमान में 420 मेगावाट बिजली का उत्पादन पूरी तरह ठप है। फिलहाल चालू तीन इकाइयों से केवल 745 मेगावाट के आसपास ही उत्पादन हो पा रहा है, जो इस भीषण गर्मी में मांग के लिहाज से काफी कम है।

सेंट्रल सेक्टर से ली जा रही 3700 मेगावाट बिजली

बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए राज्य सरकार को सेंट्रल सेक्टर (केंद्रीय कोटे) से प्रतिदिन लगभग 3700 मेगावाट बिजली ड्रा (खर्च) करनी पड़ रही है। इसके अलावा डीएसपीएम पावर प्लांट में 500 मेगावाट क्षमता वाले इस संयंत्र से करीब 430 मेगावाट उत्पादन हो रहा है। मड़वा प्लांट में 1000 मेगावाट की क्षमता वाले इस संयंत्र से लगभग 932 मेगावाट बिजली बन रही है। इन तमाम प्रयासों और केंद्रीय कोटे पर निर्भरता के बावजूद प्रदेश में पीक ऑवर्स के दौरान लगभग 150 मेगावाट बिजली की कमी बनी हुई है। इसका मुख्य कारण यह भी है कि एनटीपीसी ने भी राज्य को होने वाली आपूर्ति में पहले की तुलना में कटौती की है।प्रतिघंटे दो करोड़ का आर्थिक नुकसानउत्पादन में कमी और ओवरलोडिंग का असर अब राज्य के कई इलाकों में दिखाई देने लगा है, जहां लगातार लो–वोल्टेज और पावर ट्रिपिंग (बिजली गुल होना) की शिकायतें आ रही हैं। इसके साथ ही, एचटीपीएस की दो इकाइयों के बंद रहने से बिजली कंपनी को प्रति घंटे दो करोड़ रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस उत्पादन क्षति की भरपाई के लिए बिजली वितरण कंपनी को बाहरी राज्यों और ओपन मार्केट से ऊंची दरों पर महंगी बिजली खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि, बिजली कंपनी प्रबंधन का दावा है कि गर्मी के कारण मांग जरूर बढ़ी है, लेकिन प्रदेश में फिलहाल बिजली संकट जैसे हालात नहीं हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

अधिकारी ने कहा

क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी प्रसन्ना सोनकर ने कहा छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी के झाबू स्थित बांध से हसदेव नदी में राखड़ का बहाव बंद है।

# जंगल में मिली लाश, रूबी बनी पुलिस की सबसे बड़ी गवाह, घंटों में खुला अंधे कत्ल का राज

रायगढ़, (आरएनएस)। खरसिया थाना पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए महज कुछ घंटों में दो संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। इस पूरे मामले में पुलिस के खोजी कुत्ते श्रूबीश्व ने ऐसी भूमिका निभाई कि हर कोई उसकी सूझबूझ की तारीफ कर रहा है।

मामला रायगढ़ जिले के ग्राम बरभौना के घने जंगल का है, जहां एक युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान शिव राठिया के रूप में हुई। युवक के शरीर पर गंभीर अंदरूनी चोटों के निशान मिले, जिससे पुलिस ने शुरुआती जांच में हत्या की आशंका जताई। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने तुरंत डॉग स्क्वायड को बुलाया। खोजी कुतिया रूबी ने घटनास्थल पर मौजूद गंध को सूंघकर संदिग्धों की दिशा पकड़ी और पुलिस टीम को सीधे दो युवकों तक पहुँचा दिया। सबसे चौंकाने वाला पल तब आया जब पहचान परेड के दौरान रूबी ने बिना किसी संकेत के दो युवकों पर झपट्टा मार दिया। इसके बाद पुलिस ने ऋषि और ईश्वर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

# साइबर ठगी के म्यूल अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड समेत 3 गिरफ्तार

दुर्ग, (आरएनएस)। दुर्ग पुलिस ने साइबर और आर्थिक अपराधों से जुड़े एक बड़े संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए म्यूल अकाउंट कारोबार के मास्टरमाइंड समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर देशभर के साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने और करोड़ों रुपये के संदिग्ध ट्रांजेक्शन में मदद करने का आरोप है।भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जगदलपुर का मनोज कुमार भुतड़ा अपने साथियों के साथ म्यूल अकाउंट का नेटवर्क संचालित कर भिलाई पहुंचा है। सूचना के आधार पर सुपेला थाना और एसीसीयू टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पांच रास्ता हनुमान मंदिर, सुपेला ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# गंगा यमुना इलेवन ने जीता सदगुरू प्रीमियर लीग खिताब

चित्रकूट। सदगुरु मित्र मण्डल के तत्त्वावधान में आयोजित सदगुरु प्रीमियर लीग के 16वें सीजन का समापन श्री राम महायज्ञ स्मृति खेल परिसर में संपन्न हुआ। इस वर्ष कुल 17 टीमों ने प्रतिभागिता की। दो पूल में लीग मैच खेले गए। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सदगुरु परिवार के सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबला कंस्ट्रक्शन सुपर किंग्स एवं गंगा यमुना इलेवन के मध्य खेला गया। जिसमें रोमांचक प्रदर्शन करते हुए गंगा यमुना इलेवन ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मैच के शुभारंभ अवसर पर ग्रामोदय विवि के कुलपति प्रो आलोक चौबे बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर सदगुरु ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. ईलेश जैन एवं शिक्षा समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. आलोक सेन, डॉ. गौतम परमार, डॉ. नरेंद्र पाटीदार, डॉ. राकेश शाक्या, डॉ. पूनम अडवाणी, डॉ. प्रज्ञा सेन, अनुभा अग्रवाल, आरबी सिंह चौहान एवं प्रमोद भाई हरियाणी आदि मौजूद रहे। मैच रेफरी डॉ. तुषारकांत शास्त्री ने विस्तृत आख्या प्रस्तुत करते हुए पूरे टूर्नामेंट की उपलब्धियों, विभिन्न टीमों की सहभागिता एवं खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। फाइनल मैच में कंस्ट्रक्शन सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन का लक्ष्य रखा। जिसे गंगा यमुना इलेवन ने 14 ओवर में हासिल कर जीत दर्ज किया। इसके उपरान्त पुरूस्कार वितरण किया गया।

# निरीक्षण : सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर डीएम नाराज

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने नगर पंचायत मानिकपुर के तिगलिया चौराहा से लेकर बस स्टैंड तक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर की अत्यंत लचर साफ सफाई व्यवस्था और प्रशासनिक शिथिलता पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।प्रातःकालीन निरीक्षण के दौरान कोई भी सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं पाया गया और पूरे कस्बे में गंदगी का अंबार देखने को मिला। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर को निर्देशित किया कि प्रतिदिन सुबह छह बजे सभी सफाई कर्मचारियों की सामूहिक उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए तथा उनकी उपस्थिति की फोटो विभागीय ग्रुप पर अनिवार्य रूप से साझा की जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर को निर्देश दिये की सभी सफाई कर्मचारी अपने यूनिफार्म में रहेंगे यह सुनिश्चित कराएं। नगर क्षेत्र में फुटपाथ पर काफी अतिक्रमण मिला। डीएम ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि फुटपाथ केवल आमजन के आवागमन के लिए हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किए कि फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने दिया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों की सामग्री जब्त कर उनके विरुद्ध तत्काल नियमानुसार जुर्माने आदि की कार्रवाई की जाए। मानिकपुर के आर्य नगर मोड़ पर संचालित एक जलेबी की दुकान को मुख्य मार्ग से हटाकर पास की गली में व्यवस्थित रूप से स्थापित कराने के निर्देश दिए गए। ताकि यातायात बाधित न हो। यह भी निर्देशित किया कि रोड पर कोई भी बस नहीं खड़ी रहनी चाहिए यह सुनिश्चित कराएं अगर बस संचालक नहीं मानते तो सीज कराएं।

नवोदय विद्यालय के समीपवर्ती क्षेत्रों और खाली पड़े भूखंडों पर व्याप्त गंदगी को तत्काल साफ कराने के कड़े निर्देश दिए गए। यदि नगर वासियों द्वारा कूडा एवं गन्दगी फैलाई जाती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई की जाए। एसडीएम मानिकपुर को निर्देशित किया कि जब तक पूरे नगर क्षेत्र की मुस्तैदी से साफ सफाई कराकर उसकी साक्ष्य सहित रिपोर्ट प्रेषित की जाये। तब तक अधिशासी अधिकारी का वेतन आहरित न किया जाए। इसके बावजूद यदि नगर क्षेत्र में समुचित साफ सफाई नहीं कराई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए शासन को संस्तुति भेज दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मोहम्मद जसीम, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारत सिंह सहित अन्य संबंधित प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# -गंदगी मिलने पर खफा हुए डीएम ने आउट सोर्सिंग के माध्यम से भी सफाई व्यवस्था सु.ढ़ करने के दि निर्देश

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने निही ग्राम पंचायत की भ्रमण के दौरान हैंडपंप के समीप अत्यधिक गंदगी देखकर उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। कहा कि यदि संबंधित क्षेत्र में नियमित सफाई कर्मियों की कमी है, तो नियमानुसार तत्काल आउटसोर्सिंग के माध्यम से अतिरिक्त कर्मियों की व्यवस्था की जाए। मुख्य विकास अधिकारी को भी निर्देशित किया कि जनपद के जिन ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की तैनाती नहीं है वहां पर नियमानुसार आउट सोर्सिंग के माध्यम से सफाई कर्मी की तैनाती करते हुए साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सचेत किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

डीएम ने निही में निर्मित खेल मैदान का औचक निरीक्षण किया। खेल मैदान में खेल गतिविधियां संचालित न पाए जाने पर मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि खेल मैदान में बच्चों व युवाओ के लिए बैडमिंटन, वॉलीबॉल सहित अन्य आवश्यक खेल सामग्रियां तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। ताकि स्थानीय प्रतिभाएं इसका समुचित लाभ उठा सकें और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, जिला पंचायतराज अधिकारी देवेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना का किया स्थलीय निरीक्षण

चित्रकूट। जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यों की प्रगति, जलापूर्ति व्यवस्था, कमिश्निंग गतिविधियों की समीक्षा के लिए डीएम पुलकित गर्ग ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सरहट, राजस्व ग्राम मानिकपुर ग्रामीण स्थित निर्मित क्लियर वाटर रिजर्वायर को देखा। मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मानिकपुर रूरल ओवरहेड टैंक की क्षमता के अंतर्गत कुल 20512 मीटर पाइप लाइन प्रस्तावित है। जिसमें से 20188 मीटर पाइप लाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना अंतर्गत ग्रामवार जल संयोजन एवं फंक्शनल स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिसके अनुसार मानिकपुर रूरल ग्राम में 400 गृह संयोजन स्थापित हैं तथा सभी 400 संयोजन फंक्शनल है। हेला ग्राम में 208 गृह संयोजन स्थापित हैं तथा सभी 208 संयोजन क्रियाशील है। झरी ग्राम में 38 गृह संयोजन स्थापित किए गए हैं। जलापूर्ति व्यवस्था प्रगतिरत पाई गई। उमरी ग्राम में 282 गृह संयोजन स्थापित हैं तथा सभी संयोजन फंक्शनल है। इसी प्रकार खिचरी ग्राम में 243 गृह संयोजन स्थापित हैं तथा सभी संयोजन नियमित रूप से संचालित है। डीएम ने कार्यदायी संस्था के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर एस मौर्य को कड़ी फटकार लगाई तथा निर्देशित किया गया कि संपूर्ण योजना से संबंधित समस्त कार्यों

# लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे राजस्थान रायल्स के कप्तान रियान पराग

लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने अपनी टीम को आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचाकर अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित किया है। उनके साहसिक और रणनीतिक फैसलों ने आलोचकों को भी उनका प्रशंसक बना दिया, जिससे टीम में उनकी स्थिति और मजबूत हुई है। क्रिकेट विशेषज्ञों से लेकर सोशल मीडिया तक आलोचकों के निशाने पर रहे राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने अपनी टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचाकर खुद को एक कुशल नेतृत्वकर्ता साबित कर दिया। असम का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी जब 2019 में पहली बार राजस्थान रॉयल्स से जुड़ा था तभी से उन्हें हर कदम पर आलोचना का सामना करना पड़ा है। उनका बेहद आत्मविश्वासी होना और बिना लाग लपेट के अपनी बात कहना कई लोगों को नागवार गुजरा उन्हें 'अहंकारी' तक कहा गया। मुंबई में शीर्ष चार में जगह पक्की करने के बाद रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने पराग का बचाव करते हुए कहा था, ''मुझे लगता है कि मैंने ऐसे बहुत कम खिलाड़ी देखे हैं जिनकी रियान की तरह पिछले सात साल से आलोचना हो रही है। वह इस फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति हैं।'' पराग ने आईपीएल 2024 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था लेकिन इससे पहले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उन्हें लगातार आलोचनाओं का सामना करना



पड़ा था। उन्हें 2024 में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और उन्होंने लगभग 150 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए।आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के चलते उसी साल उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली, लेकिन कुछ समय बाद ही कंधे की पुरानी चोट के लिए उनकी सर्जरी हुई, जिस कारण उन्हें राष्ट्रीय टीम से बाहर होना पड़ा। भारत की टी20 टीम में प्रत्येक जगह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है और ऐसे में पराग को अभी तक टीम में वापसी का मौका नहीं मिला है। रॉयल्स के शीर्ष प्रबंधन को उन पर इतना भरोसा था कि संजू सैमसन के जाने के बाद ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और रविंद्र जडेजा जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अच्छा अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों के बजाय उन्हें कप्तानी सौंप दी गई। आईपीएल के वर्तमान सत्र में भी पराग को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआती चरण में वह रन बनाने के लिए जूझ रहे थे।इसके अलावा ड्रेसिंग रूम में वेपिंग (इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का उपयोग) करते हुए पकड़े जाने के बाद उन्हें हर तरफ से ट्रोल किया गया। राजस्थान रॉयल्स की टीम जब अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थी तब पराग ने टीम के खराब प्रदर्शन को खुलकर स्वीकार किया। इसके साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों पर कथित तौर पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने के लिए कमेंटेटरों और विशेषज्ञों की जमकर आलोचना की। मुंबई के खिलाफ करो या मरो मुकाबले में जिस तरह से पराग ने गेंदबाजी में बदलाव किए उससे आलोचक भी उनके मुरीद बन गए। उनके रणनीतिक बदलाव से राजस्थान रॉयल्स यह मैच जीत कर प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रहा। पराग अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करते हैं और मैच के बाद की उनकी टिप्पणियां इसका सटीक उदाहरण हैं। उन्होंने कहा, ''मैंने इस सत्र में कई साहसिक फैसले लिए हैं। मुझे नेतृत्व करना पसंद है। मैं असम का नेतृत्व भी इसी तरह करता हूं। आपको जोखिम उठाना होगा, यह कोई जुआ नहीं है।''

# आईपीएल 2026 में गेंदबाजों पर बरपा कहर, रजत पाटीदार बोले- 250 रन भी अब सेफ नहीं

रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने माना कि उच्च स्कोर वाले आईपीएल में गेंदबाजों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं, लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ क्वालीफायर मुकाबले में उनकी टीम अपनी आक्रामक गेंदबाजी रणनीति पर कायम रहेगी। पाटीदार ने बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों और छोटी बाउंड्री को गेंदबाजों के लिए मुख्य चुनौती बताया। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने सोमवार को माना कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार 200 से अधिक रन बनने के दौर में गेंदबाजों के लिए प्रभावी बने रहना बेहद मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने इसके साथ ही आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित किए जाने के विवाद पर सीधी टिप्पणी करने से परहेज किया। पाटीदार ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले पहले क्वालीफायर मुकाबले की पूर्व संध्या पर मीडिया से बातचीत में कहा कि अब 220 से 250 रन का स्कोर भी सुरक्षित नहीं माना जा सकता और यह स्थिति खासकर तेज गेंदबाजों के लिए चिंता का विषय बन गई है।उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि गेंदबाजों के लिए चुनौती लगातार बढ़ती जा रही है। विकेट बल्लेबाजी के अनुकूल हैं, मैदानों की बाउंड्री छोटी हैं और ओस भी बड़ी भूमिका निभाती है। खासकर तेज गेंदबाजों के लिए छोटी सी गलती भी छह रन में बदल जाती है।" उन्होंने कहा, "हमें हालांकि जैसी भी पिच और परिस्थितियां मिलें, हम उसी में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। विकेट कैसे होने चाहिए, यह तय करना मेरे हाथ में नहीं है।" आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित किए जाने के सवाल पर पाटीदार ने संतुलित जवाब दिया। उन्होंने कहा, "यह मेरे नियंत्रण में नहीं है। यह एक ऐतिहासिक स्थल है, इसलिए फाइनल जहां भी होगा, वहीं खेला जाएगा। फिलहाल हमारा पूरा ध्यान फाइनल में पहुंचने पर है।"भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने परिचालन संबंधी कारणों, स्थानीय



राजनीतिक परिस्थितियों, टिकटों की अत्यधिक मांग और भीड़ प्रबंधन की चिंताओं को देखते हुए खिताबी मुकाबला अहमदाबाद में कराने का फैसला किया है। लीग चरण में समान अंक हासिल करने वाली रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस अब फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए भिड़ेंगी। पाटीदार ने इसे दो संतुलित टीमों के बीच मुकाबला करार दिया। उन्होंने कहा, "दोनों टीमों ने पूरे सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। मैच वाले दिन जो टीम अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करेगी और दबाव में धैर्य तथा एकाग्रता बनाये रखेगी, वही जीत दर्ज करेगी।" पाटीदार ने साफ किया कि टूर्नामेंट में लगातार बड़े स्कोर बनने के बावजूद आरसीबी अपनी आक्रामक रणनीति नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा, "हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी गेंदबाजी है। पावरप्ले में जिस तरह हम गेंदबाजी करेंगे, वह बेहद अहम होगा। टीम का हर खिलाड़ी जानता है कि हम यहां सिर्फ बचाव करने नहीं, बल्कि आक्रमण करने की मानसिकता के साथ आए हैं।" इस दायें हाथ के बल्लेबाज ने कहा, "हम शुरुआती विकेट हासिल करने की कोशिश करेंगे और अब तक यही हमारी सफलता की कुंजी रही है। लगातार एक जैसी सोच और रणनीति पर अमल करना ही अंतर पैदा करेगा।" उन्होंने भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड और रसिक सलाम की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की भी जमकर तारीफ की। इंग्लैंड में उंगली का इलाज कराकर लौटे सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट की उपलब्धता पर पूछे गए सवाल का पाटीदार ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, "वह फिट हैं और अभ्यास भी कर रहे हैं, लेकिन हमने अभी अंतिम एकादश तय नहीं की है।" गुजरात टाइटंस के सहायक कोच विजय दहिया ने भी इस मुकाबले को दो मजबूत और संतुलित टीमों की टक्कर बताया। उन्होंने कहा, "जब आप इसे मुकाबला कहते हैं तो निश्चित रूप से यह बड़ा संघर्ष होने वाला है। इस सत्र में दोनों टीमों का आमना–सामना दो बार हुआ है और दोनों ने एक–एक मैच जीता है। दोनों टीमों में अनुभवी खिलाड़ी मौजूद हैं और दोनों टीमें बराबरी की नजर आती हैं।"दहिया ने कहा कि बड़े स्कोर वाले इस सत्र में निरंतर प्रभावी गेंदबाजी ही किसी टीम की असली ताकत साबित हो रही है। उन्होंने कहा, "दिन के अंत में आपके पास मजबूत गेंदबाजी इकाई होना जरूरी है। दोनों टीमों की सबसे बड़ी खासियत यही है कि उनके गेंदबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कप्तान व टीम प्रबंधन को उन पर पूरा भरोसा है।" उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और कोच आशीष नेहरा के मार्गदर्शन में तेज गेंदबाजों के तालमेल की भी सराहना की। दहिया ने कहा, "गेंदबाजों के बीच आपसी समझ शानदार है। वे मानसिक और तकनीकी दोनों स्तर पर एक–दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। जिस तरीके से आशीष नेहरा उन्हें संभालते हैं, उसका काफी श्रेय उन्हें जाता है।" भारत के इस पूर्व विकेटकीपर ने कहा कि धर्मशाला की ऊंचाई और छोटी बाउंड्री बल्लेबाजों के लिए मददगार होंगी, लेकिन अनुभवी स्पिनर भी यहां असरदार हो सकते हैं। उन्होंने कहा, "यहां स्पिनरों की भूमिका सीमित रहती है क्योंकि मैदान ऊंचाई पर स्थित है और बाउंड्री छोटी हैं, लेकिन कौशल वाले स्पिनर हमेशा योगदान देने का तरीका ढूंढ लेते हैं।"

# आरसीबी और जीटी के बीच आईपीएल क्वालीफायर 1 धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा,

आरसीबी और जीटी के बीच आईपीएल क्वालीफायर 1 धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा, जहाँ की पिच बल्लेबाजों के लिए वरदान मानी जा रही है। यह एक हाई–स्कोरिंग मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें 220 के आसपास का स्कोर सुरक्षित माना जा सकता है, जबकि ओस के प्रभाव के कारण टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करना फायदेमंद हो सकता है।मौजूदा चौंपियन रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु का सामना इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के क्वालीफायर 1 में गुजरात टाइटन्स से होगा। दोनों टीमों ने 14 मैचों में नौ–नौ जीत हासिल की हैं और 18–18 अंक बनाए हैं। आरसीबी नेट रन रेट के आधार पर शीर्ष पर है। इस सीजन में दोनों टीमें दो बार आमने–सामने हुई हैं और एक–एक मैच जीत चुकी हैं। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है, जिसमें जीतने वाली टीम फाइनल में



पहुंचेगी।हालांकि, हारने वाली टीम के लिए यह सफर यहीं खत्म नहीं होगा। उन्हें फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा, क्योंकि वे क्वालीफायर 2 में एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेंगे। वहीं दूसरी ओर, बेंगलुरु की बात करें तो उनके स्टार सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं, लेकिन टीम प्रबंधन वेंकटेश अय्यर को ओपनिंग में उतार सकता है। भारतीय क्रिकेटर इस समय शानदार फॉर्म में हैं और फ्रेंचाइजी इसका पूरा फायदा उठाना चाहती है। वहीं, वेंकटेश के टीम में शामिल होने से आरसीबी को जैकब डफ्फी को जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के साथ एक साथ खिलाने का मौका भी मिलेगा।दूसरी ओर, गुजरात एक बार फिर अपने शीर्ष क्रम पर काफी हद तक निर्भर है। शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन किया है और आरसीबी जैसी मजबूत टीम के खिलाफ जीटी को मौका देने के लिए उन्हें एक बार फिर बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। वहीं, उनके गेंदबाजों ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है, जिनमें कागीसो रबाडा और मोहम्मद सिराज सबसे आगे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा की फॉर्म में आई गिरावट थोड़ी चिंताजनक है, लेकिन टीम प्रबंधन फिर भी उनका समर्थन करेगा। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगी। यह एक हाई–स्कोरिंग ग्राउंड है और लाइट्स के नीचे तो यह बल्लेबाजों के लिए और भी बेहतर साबित होगी।

# सनराइजर्स की विस्फोटक बैटिंग का क्या है तोड़? सूर्य वांशी आर्चर होंगे तुरुप का इक्का

आईपीएल एलिमिनेटर में, दमदार सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बल्लेबाजी का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा, जिसे अपने 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से विशेष उम्मीदें हैं। को लीग चरण में दो बार रॉयल्स को हराने का मनोवैज्ञानिक लाभ है, लेकिन नॉकआउट मुकाबले में रॉयल्स के प्रमुख खिलाड़ी मैच का रुख पलट सकते हैं। अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की।सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। रॉयल्स के कप्तान रियाग पराग ने खुद स्वीकार किया कि उनकी टीम को लीग चरण के आखिरी दिन तक इंतजार करने से बहुत पहले ही क्वालीफाई कर लेना चाहिए था, लेकिन अब जबकि टीम वहां पहुंच गई है तब वह आगे बढ़ने के लिए बेताब होगी। रॉयल्स के शीर्ष क्रम में सूर्यवंशी (583 रन), यशस्वी जायसवाल (397) और ध्रुव जुरेल (458) ने सर्वाधिक रन बनाए हैं।नराइजर्स की तरफ से भी शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा (563 रन), ट्रैविस हेड (393) और ईशान किशन (569) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन नंबर चार पर बल्लेबाजी करने वाले हेनरिक क्लासेन (606) का विशेष रूप से उल्लेख करना जरूरी है, क्योंकि उन्होंने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है। दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की विस्फोटक क्षमता के बावजूद जायसवाल और हेड के प्रदर्शन में उतनी निरंतरता नहीं रही है जितना वे चाहते थे। सनराइजर्स यकीनन टूर्नामेंट की सबसे आक्रामक टीम है और इसलिए यह कोई हैरानी की बात नहीं थी कि रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा से विपक्षी टीम के शीर्ष चार बल्लेबाजों से निपटने की उनकी रणनीति के बारे में पूछा गया।संगकारा ने कहा, ''उनकी टीम बहुत अच्छी है और वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्हें खुद पर भरोसा है कि वे खुलकर खेलेंगे और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में ऐसा ही किया है। हमें वास्तव में अपनी लय बनाए रखनी होगी। अनुशासित रहना होगा और यह समझना होगा कि वह ऐसी टीम नहीं है जिसे आप 120 या 130 रन पर रोक सकते हैं। हमें अपनी लाइन और लेंथ को लेकर आक्रामक रहना होगा।'' श्रीलंका के इस दिग्गज को उम्मीद होगी कि



पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले आर्चर एक बार फिर मैच विजेता प्रदर्शन करेंगे, जैसा कि उन्होंने वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में किया था। नांद्रे बर्गर और बृजेश शर्मा ने भी आर्चर का तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा साथ दिया है। युवा लेग–स्पिनर यश राज पुंजा अपने पहले आईपीएल सत्र में ही रवि बिश्नोई से आगे निकलकर प्रमुख स्पिनर के रूप में उभरे हैं, जबकि अनुभवी रवींद्र जडेजा को बल्ले और गेंद दोनों से और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।बेखौफ बल्लेबाजी करने वाले सूर्यवंशी एक बार फिर कमिंस, ईशान मलिंगा (19) और साकिब हुसैन जैसे गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करने से नहीं हिचकिचाएंगे। अगर यह युवा बल्लेबाज पावरप्ले में अच्छी शुरुआत देता है तो वह विपक्षी टीम से मैच छीन सकता है। इस मैदान पर इस सत्र में जो चार मैच खेले गए उनमें बल्लेबाजों की तूती बोली। इनमें से तीन मैच में 220 से अधिक रन बने। इनमें मेजबान टीम पंजाब किंग्स द्वारा बनाए गए 254 रन भी शामिल हैं।टीम इस प्रकार हैंरू सनराइजर्स हैदराबादरू ट्रैविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन, स्मरण रविचंद्रन, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, नितीश कुमार रेड्डी, पैट कमिंस (कप्तान), ईशान मलिंगा, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल, जीशान अंसारी, सलिल अरोड़ा, साकिब हुसैन, अमित कुमार, प्रफुल्ल हिंगे, क्रेन्स फुलेट्रा, लियाम लिविंगस्टोन, शिवांग कुमार, ओंकार तरमाले, दिलशान मदुशंका, गेराल्ड कोएत्जी, आरएस अंबरीश।

# दिल्ली की आजादपुर मंडी से चेतावनी, महंगी होंगी सब्जियां और फल

पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से दिल्ली में परिवहन लागत बढ़ सकती है, जिससे आने वाले दिनों में फलों और सब्जियों के दाम में वृद्धि होने की आशंका है। आजादपुर मंडी के व्यापारियों के अनुसार, ईंधन की कीमतों में निरंतर वृद्धि का असर अंततः उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हाल की बढ़ोतरी से आने वाले दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में फल और सब्जियों के दाम प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली के आजादपुर मंडी के व्यापारियों ने सोमवार को यह कहा। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने सोमवार को पेट्रोल की कीमतों में 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। यह दो हफ्तों से भी कम समय में चौथी बढ़ोतरी है। आजादपुर मंडी फेडरेशन ऑफ फ्रूट एंड वेजिटेबल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि थोक कीमतों पर अब तक कोई तत्काल असर नहीं पड़ा है, लेकिन ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से अंततः दाम प्रभावित हो सकते हैं।शर्मा ने कहा, ''सोमवार तक कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन आने वाले दिनों में ईंधन की कीमतें और बढ़ सकती हैं, इसलिए हमें कुछ असर देखने को मिल सकता है। हालांकि कीमतों में छोटी–मोटी बढ़ोतरी से हमेशा थोक कीमतों पर तुरंत असर नहीं पड़ता, लेकिन ईंधन की कीमतों में कुल मिलाकर बड़ी बढ़ोतरी से निश्चित रूप से दाम बढ़ेंगे।'' वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव अनिल मल्होत्रा घ्क्के अनुसार, परिवहन लागत में किसी भी बढ़ोतरी का सीधा असर दिल्ली आने वाले फलों और सब्जियों की कीमतों पर पड़ेगा। मल्होत्रा घ्ने कहा, ''देश के हर हिस्से से फसल, फलों और सब्जियों को दिल्ली लाने के लिए ट्रकों का इस्तेमाल किया जाता है।लोडर इन ट्रकों को किराए पर लेते हैं और जैसे–जैसे इंधन की कीमतें बढ़ेंगी, इसका असर निश्चित रूप से परिवहन लागत पर पड़ेगा।'' हालांकि, शर्मा ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी की सीमा इस बात पर निर्भर करेगी कि ट्रांसपोर्टर ट्रकों का किराया कितना बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, ''हम अभी कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी का अनुमान नहीं लगा सकते, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि ट्रकों का किराया कितना बढ़ता है।'' आजादपुर मंडी में टमाटर बेचने वाले दिलीप कुमार ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को आमतौर पर तब असर महसूस होना शुरू होता है, जब ट्रांसपोर्टर माल ढुलाई के शुल्क में बदलाव करते हैं। कुमार ने कहा, ''अगर डीजल की कीमतें लगातार बढ़ती रहीं, तो ट्रांसपोर्टर ज्यादा शुल्क लेंगे और वह लागत अंततः मंडी तक पहुंच जाएगी। अगर ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही, तो अगले कुछ दिनों में खुदरा कीमतें थोड़ी बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।'' मंडी के विक्रेताओं ने यह भी कहा कि लॉजिस्टिक (परिवहन) खर्चों में होने वाली किसी भी बढ़ोतरी का बोझ अंततः खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी के जरिए उपभोक्ताओं पर ही डाला जाता है।

# गांव-गांव पहुंचा रोजगार! खादी ग्रामोद्योग ने दी 2 करोड़ से ज्यादा नौकरियां

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (झटप्ब) ने वित्त वर्ष 2025–26 में 1.87 लाख करोड़ रुपये की ऐतिहासिक बिक्री दर्ज की है, जो 2013–14 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। इस रिकॉर्ड वृद्धि के साथ उत्पादन और रोजगार सृजन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण को दर्शाता है।खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने मंगलवार को कहा कि खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2025–26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 1,87,105 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आयोग के अनुसार, वित्त वर्ष 2024–25 में यह बिक्री 1,70,551.37 करोड़ रुपये रही थी, जबकि 2013–14 में यह 31,154 करोड़ रुपये थी। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2026–27 में खादी एव ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 2.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।आंकड़ों के अनुसार, खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन 2013–14 में 26,109 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025–26 में करीब पांच गुना होकर 1,25,296 करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि रोजगार के मोर्चे पर, खादी और ग्रामोद्योग गतिविधियों में कुल रोजगार 2013–14 में 1.30 करोड़ था।

# अमेरिका डालर ने फिर दिखाया दम

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण मंगलवार को रुपया 47 पैसे कमजोर होकर 95.73 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जिसमें घरेलू शेयर बाजार की गिरावट ने भी दबाव बढ़ाया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.73 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में यह 95.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 47 पैसे की गिरावट है।सोमवार को रुपया 34 पैसे मजबूत होकर 95.26 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा पश्चिम एशिया में सैन्य कार्रवाई की आशंका से रुपये में कमजोरी का रुख रह सकता है। हालांकि, ऊंचे स्तर से कच्चे तेल के दाम में नरमी आने पर निचले स्तरों पर रुपये को कुछ सहारा मिल सकता है।

# वेलकम 3 में भोजपुरी तड़का, अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह ने धमाकेदार गाने घिस-घिस-घिस से उड़ाया गर्दा

वेलकम टू गद जंगल सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है. यह फिल्म अगले महीने रिलीज हो रही है. रिलीज से पहले यह अपने ट्रेलर और गाने को लेकर सुर्खियों में बना हुआ, जिसकी वजह से दर्शक फिल्म की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित है. इसी वजह उत्साह को बरकरार रखने के लिए मेकर्स ने आज फिल्म का एक और नया गाना लॉन्च किया है, जिसका नाम घिस–घिस–घिस है. यह एक भोजपुरी गाना है. इस गाने की रिलीज होते ही लोगों को दीवाना कर दिया है. अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर घिस–घिस–घिस प्रोमो अपलोड किया है और फैंस को बताया कि उनकी आगामी फिल्म वेलकम 3 का नया ट्रैक घिस–घिस–घिस रिलीज हो गया है. इस क्लिप को साझा करते हुए खिलाड़ी कुमार ने कैप्शन में लिखा है, अगर आपकी जिंदगी थोड़ी ज्यादा ही घिस रही है तो घिस घिस घिस के साथ माहौल बदलने का समय आ गया है. गाना अब रिलीज हो गया है. वेलकम टू गद जंगल सिनेमाघरों में 26 जून 2026 से शुरू होगा हंगामा.घिस घिस घिस अब वेलकम टू द जंगल के साउंडट्रैक का हिस्सा है. यह एक भोजपुरी गाना है, जो आइटम गानों में से एक है. इसके बोल साबुन पर केंद्रित हैं. इस गाने में अक्षय के साथ अक्षरा सिंह भी हैं, जो खुद भी भोजपुरी कलाकार हैं.

ऐसा लगता है कि फैंस इस गाने को लेकर थोड़े सरप्राइज जरूर हुए हैं. हालांकि, यह गाना उस बात को बहुत अच्छी तरह से पकड़ता है जिसकी वजह से भोजपुरी गाने वायरल होते हैं, चूंकि यह एक बॉलीवुड फिल्म का गाना है इसलिए यह हर तरह के दर्शकों तक पहुंचेगी.इस गाने को आवाजें विक्रम मॉन्ट्रोज और सुप्रिया पाठक ने दी हैं. जबकि सॉन्ग कंपोजर भी विक्रम मॉन्ट्रोज ही है. गीतकार अभिनव शेखर, हुक आइडियाकृइश्तेयाक मुस्ताक और संगीत निर्माता आकाश यादव, विक्रम मॉन्ट्रोज हैं.ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के अनुसार, वेलकम टू द जंगल का सबसे जबरदस्त गाना रिलीज हो गया है. वेलकम टू द जंगल के मेकर्स ने अपना नया गाना घिस घिस घिस रिलीज कर दिया है, जो बॉलीवुड और भोजपुरी का एक जबरदस्त डांस धमाका है. इस हाई–एनर्जी गाने में अक्षय कुमार और भोजपुरी सुपरस्टार अक्षरा सिंह एक ऐसे अंदाज में नजर आ रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया. जंगली म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत घिस



घिस घिस अब सभी बड़े ऑडियो प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है. सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, जैकलीन, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल और राजपाल यादव के साथ–साथ कई और बड़े कलाकारों से सजी यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. अहमद खान की निर्देशित वेलकम 3 को ए. ए. नाडियाडवाला, केप ऑफ गुड फिल्म्स और स्टार स्टूडियो 18 ने सीता फिल्म्स और राकेश डांग के सहयोग से प्रस्तुत किया है. बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप का प्रोडक्शन वेलकम 3 को फिरोज ए. नाडियाडवाला, राकेश डांग और वेदांत विकास बाली ने प्रोड्यूस किया है.

# पेद्दी से राम चरण, जाह्ववी कपूर और श्रुति हासन का धमाकेदार डांस नंबर श्हेल्लाल्लाला हुआ रिलीज

राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म श्पेद्दीय रिलीज से पहले ही लगातार चर्चा में बनी हुई है. ट्रेलर के बाद अब इसका नया पेद्दी का गाना श्हेल्लाल्लाल्लोय भी सामने आ गया है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है.

फिल्म की कहानी कई खेलों के बीच बुनी गई है, जिसमें गांव के मैदानों से लेकर बड़े इंटरनेशनल स्टेडियम तक का सफर दिखाया गया है. जो वाकई दर्शकों को शुरू से अंत तक बांध ाकर रखता है.

एक तरफ जहाँ इसके ट्रेलर ने देश भर में तहलका मचा दिया है, वहीं मेकर्स ने अब फिल्म का एक और नया गाना हेल्लाल्लाल्लो रिलीज कर दिया है. इस गाने में इतनी जबरदस्त और क्रेजी एनर्जी है कि ये पूरे देश को थिरकने पर मजबूर कर सकती है.अपने सोशल मीडिया पर पेद्दी का नया गाना हेल्लाल्लाल्लो रिलीज करते हुए मेकर्स ने एक बेहद कैची कैप्शन लिखारूअब हेलो को कहें अलविदा, अब से हर तरफ गूंजेगा सिर्फ श्हेल्लाल्लाल्लोय, और हेल्लाल्लाल्लो वीडियो सॉन्ग रिलीज हो गया है फिल्म 4 जून को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देंगी.

भोपाल में 23 मई को फिल्म पेद्दी के लिए अब तक के सबसे बड़े म्यूजिकल इवेंट को ऑर्गेनाइज किया गया. इस शानदार इवेंट में फिल्म की पूरी स्टार कास्ट शामिल हुई, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, रवि किशन, शिवा राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू के साथ–साथ डायरेक्टर बुची बाबू सना और लेजेंड्री म्यूजिक कंपोजर ए. आर. रहमान भी मौजूद रहे. गानों, पोस्टर्स, टीजर और ट्रेलर के बैक–टू–बैक जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, अब ये नया गाना फिल्म के एक और ब्लॉकबस्टर एसेट के रूप में सामने आया है, जिसने निश्चित रूप से फिल्म की रिलीज को लेकर फैंस को एक्साइटेड को दोगुना कर दिया है.

आपको बता दें कि राम चरण पेद्दी में एक क्रॉसओवर एथलीट की किरदार निभाते नजर आएंगे.

बुची बाबू सना द्वारा लिखित और डायरेक्टेड पेद्दी में राम चरण मुख्य किरदार में हैं. उनके साथ शिवा राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे, जो इस फिल्म के स्केल और इम्पैक्ट को और भी ज्यादा बढ़ाते हैं.इसके साथ ही फिल्म



के पीछे एक मजबूत और शानदार टेक्निकल टीम भी काम कर रही है. इसमें ऑस्कर विजेता ए. आर. रहमान का संगीत, आर. रथनावेलु की सिनेमैटोग्राफी, अविनाश कोल्ला का प्रोडक्शन डिजाइन, नवीन नूली की एडिटिंग और वी. वाई. प्रवीण कुमार का एग्जीक्यूटिव प्रोडक्शन शामिल है, यही टीम फिल्म को बड़े पर्दे पर और भी खास बनाने में अहम भूमिका निभा रही है.

# दृश्यम 3 बाक्स आफिस सडे को छाई मोहनलाल की क्राइम थ्रिलर, पहले वीकेंड 150 करोड़ के करीब पहुंची कमाई

साउथ सुपरस्टार मोहनलाल और निर्देशक जीतू जोसेफ की मलयालम क्राइम थ्रिलर फिल्म दृश्यम 3 ने अपने पहले वीकेंड जबरदस्त कमाई की है. वहीं, फिल्म के पहले रविवार को इसके कलेक्शन में मामूली उछाल देखने को मिला. फिल्म ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारत में चौथे दिन शानदार कलेक्शन किया है. इसी के साथ मोहनलाल की फिल्म अपने पहले ही वीकेंड वर्ल्डवाइड 150 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है.सैकनिल्क के अनुसार, मोहनलाल की क्राइम थ्रिलर ने अपने पहले संडे यानी चौथे दिन भारत में 13.95 करोड़ रुपये की कमाई की है. इससे फिल्म का घरेलू कलेक्शन 54.55 करोड़ रुपये का हो गया है. फिल्म के लिए केरल सबसे मजबूत बाजार बना रहा. अकेले केरल राज्य ने रविवार को 9.70 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. शनिवार को फिल्म ने पूरे भारत में 13.70 करोड़ रुपये कमाए थे.

मलयालम में कुल कमाई में अपना दबदबा कायम रखा और 3,186 शो से 69.35 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ 11.75 करोड़ रुपये कमाए. तेलुगु संस्करण ने 1.20 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जबकि तमिल और कन्नड़ संस्करणों ने क्रमशरू 65 लाख रुपये और 35 लाख रुपये का योगदान दिया. रविवार को सभी भाषाओं में फिल्म के 5,270 शो प्रदर्शित किए गए. दृश्यम 3 ने पहले दिन 15.85 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था और दूसरे दिन 11.05 करोड़ रुपये कमाए थे. रविवार को हुई इस बढ़ोतरी ने फिल्म को अपने पहले वीकेंड में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई की लय बनाए रखने में मदद की है.अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस थ्रिलर फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया है. फिल्म की कुल वैश्विक कमाई 141.34 करोड़ रुपये है, जिसमें भारत से 63.34 करोड़



रुपये और विदेशों से 78 करोड़ रुपये शामिल हैं. खाड़ी देशों, उत्तरी अमेरिका और यूरोप के दर्शकों ने फिल्म की विदेशी कमाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

जीतू जोसेफ द्वारा निर्देशित, दृश्यम 3 में मोहनलाल जॉर्जकुट्टी के रूप में अपनी भूमिका को दोहराते हैं,. फिल्म में सिद्दीकी, मुरली गोपी, बीजू मेनन और कलाभवन शाजॉन के साथ मीना, अंसिबा हसन और एस्तेर अनिल भी हैं.

# फिल्म काकटेल 2 से दूसरा गाना माशूका जारी, शाहिद-कृति की केमिस्ट्री जीत लेगी दिल

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (2024) के बाद, शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी फिर लौट रही है। दोनों आगामी फिल्म कॉकटेल 2 में नजर आएंगे, जिसमें रश्मिका मंदाना भी मुख्य किरदार में हैं। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। पिछले महीने अरिजीत सिंह की आवाज में पहला गाना जब तलक जारी हुआ था, जिसे जनता का बेहद प्यार मिला। अब दूसरा गाना माशूका जारी किया गया है। गाने को महमूद, राघव चौतन्य और रुआ काय ने मिलकर आवाज दी है, जबकि अमिताभ भट्टाचार्या ने संगीत दिया है।संगीत का काम प्रीतम चक्रवर्ती ने संभाला है। गाने के दृश्य शाहिद और कृति के ऊपर फिल्माए गए हैं, और दोनों की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने लायक है। जोशीले संगीत और फुल वाइब्स वाला यह गाना लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। बता दें, फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। डिंपल कपाड़िया भी फिल्म में नजर आ सकती हैं। कॉकटेल 2 की कहानी पिछली फिल्म का विस्तार नहीं है, बल्कि यह नए किरदारों के साथ आधुनिक समय के रिश्तों, दोस्ती और भावनाओं के उतार–चढ़ाव को दिखाएगी। फिल्म एक रोमांचक रोड ट्रिप पर आधारित है, जिसकी शूटिंग इटली के सिसिली के अलावा दिल्ली और गुरुग्राम जैसे शहरों में की गई है। मडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म को लव रंजन ने लिखा है और निर्देशन की कमान होमी अदजानिया ने संभाली है। कॉकटेल 2 सिनेमाघरों में 19 जून, 2026 को दस्तक देने वाली है। हालांकि, इसकी राह आसान नहीं होगी क्योंकि इसी दौरान कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। यह फिल्म यश की टॉक्सिक के 15 दिन बाद और दिलजीत दोसांझ की फिल्म के ठीक एक हफ्ते बाद आएगी। साथ ही, वरुण ध ावन की हाय जवानी तो इश्क होना है से भी इसका कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। दिलचस्प बात यह भी है कि रश्मिका मंदाना के लिए यह विजय देवरकोंडा के साथ उनकी शादी के बाद का पहला बड़ा प्रोजेक्ट होगा। अब देखना यह है कि क्या यह नई कॉकटेल पुरानी फिल्म जैसा जादू दोबारा बिखेर पाती है या नहीं।



# रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं तिधा चौधरी, बोलीं- शिवा ट्रिलाजी जैसी फिल्म का हिस्सा बनना मेरा सपना

फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार अब सिर्फ ग्लैमरस किरदारों तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहते हैं, जिनमें अभिनय के साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव भी हो। इसी बीच अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने कहा कि वह भविष्य में अभिनेता रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं। अगर उन्हें शिवा ट्रिलॉजी जैसी किसी पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा। जब त्रिधा से पूछा कि अगर उन्हें भविष्य में किसी बड़े ऐतिहासिक या पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह किस तरह का किरदार निभाना पसंद करेंगी। इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह लेखक अमिश त्रिपाठी की मशहूर किताब शिवा ट्रिलॉजी पर बनने वाली फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगी। त्रिधा ने कहा, मैंने हाल ही में सुना है कि रणवीर सिंह ने शिवा ट्रिलॉजी के फिल्मी राइट्स खरीद लिए हैं। यह खबर सुनकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैं रणवीर सिंह की बहुत बड़ी फैन हूं और उन्हें अभिनेता के तौर पर बेहद पसंद करती हूं। रणवीर जिस तरह अपने हर किरदार में पूरी एनर्जी डालते हैं, वह मुझे बेहद प्रेरित करता है। उनके साथ काम करना मेरा सपना है।

उन्होंने आगे कहा, भगवान शिव के प्रति मेरी गहरी आस्था है, और यही वजह है कि शिवा ट्रिलॉजी से मेरा भावनात्मक जुड़ाव भी है। मैंने इस किताब की पूरी सीरीज पढ़ी है और कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया। अगर मुझे किसी ऐसी पौराणिक फिल्म में अभिनय करने का मौका मिलता है, तो वह मेरे करियर का सबसे खास अनुभव होगा।

त्रिधा ने बातचीत के दौरान कहा, मेरे लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना या ग्लैमरस किरदार निभाना ज्यादा मायने नहीं रखता। एक कलाकार की असली पहचान उसके अभिनय से होती है। अगर कोई कलाकार स्क्रीन पर सिर्फ अच्छा दिखे लेकिन अपने किरदार को सही तरीके से निभा न पाए, तो दर्शक उससे जुड़ नहीं पाते।अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए क्रिटिक्स की तारीफें ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं। अगर लोग मेरे अभिनय को पसंद करें और यह महसूस करें कि मैंने किरदार के साथ न्याय किया है, तो वही मेरे लिए सबसे बड़ी सफलता है। मैं हमेशा ऐसे रोल चुनना चाहती हूं जिनमें अभिनय करने का मौका



मिले और दर्शकों तक कोई भावना पहुंचाई जा सके।

## करुप्पू ने 8वें दिन बनाया रिकार्ड, इंडिया के बाद तमिल में 100 करोड़ के क्लब में मारी एंट्री

तमिल एक्टर सूर्या इन दिनों फिल्म करुप्पू की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल का प्रदर्शन कर रही है. इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं. 15 मई को रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के बाद से ही कई रिकॉर्ड्स तोड़े. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 3 दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था. वहीं, 6 दिनों में इसने इंडिया में भी ये जादुई आंकड़ा छू लिया था. ऐसे में अब 8वें दिन की कमाई के बाद फिल्म ने तमिल में भी रिकॉर्ड सेट कर दिया है.सूर्या स्टारर फिल्म करुप्पू का बॉक्स ऑफिस पर जलवा दूसरे शुक्रवार को भी देखने के लिए मिल रहा है. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 118.21 करोड़ हो चुका है.– सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 8वें दिन 7.80 करोड़ की कमाई कर ली है.

# चांद मेरा दिल की कमाई में आया उछाल, फुस्स पड़ी आयुष्मान की फिल्म पति पत्नी और वो दो

अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की फिल्म चांद मेरा दिल सिनेमाघरों में 3 दिन पूरे कर चुकी है। धीमी कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत करने के बाद तीसरे दिन आंकड़ों में उछाल देखने को मिला है। वहीं आयुष्मान खुराना की फिल्म पति पत्नी और वो दो पहले से बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमाकर बैठी है, लेकिन आंकड़ों में खास उछाल देखने को नहीं मिला है। आइए जानते हैं अन्य फिल्मों का की कमाई का हाल

सैकनिल्क के मुताबिक, चांद मेरा दिल ने 3 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था। दूसरे दिन इसने 3.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि तीसरे दिन रविवार को 4.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस तरह फिल्म का कुल कलेक्शन 11.10 करोड़ रुपये हो गया है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से ठीक–ठाक प्रतिक्रिया मिलती दिख रही है।पति पत्नी और वो दो ने 10वें दिन, यानी रविवार को 3.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद कुल कलेक्शन 36.35 करोड़ रुपये हो गया है।रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और स्टारर फिल्म राजा शिवाजी ने बॉक्स ऑफिस पर गदर परफॉर्म किया है. एक मई को रिलीज होने के बाद से ये टिकट खिड़की पर जमी हुई है और हर दिन अपने कुल कलेक्शन में इजाफा कर रही है. हालांकि इसकी कमाई में उतार–चढ़ाव भी देखा जा रहा है लेकिन ये अब मराठी सिनेमा के इतिहास में शतक लगाने से बस कुछ ही करोड़ दूर है. चलिए यहां जानते हैं. राजा शिवाजी ने रिलीज के चौथे संडे यानी 24वें दिन कितना कलेक्शन किया है?इसी के साथ राजा शिवाजी की कमाई की बात करें तो इसने पहले हफ्ते में 52.65 करोड़ का कलेक्शन किया था.



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।